दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली । शनिवार 05 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 105 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# सादर आमंत्रण

दैनिक समाचार पत्र
**करंट क्राइम**
सिर्फ सच...

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में

राम नवमी के पावन पर्व पर आयोजित

## विशाल भंडारे में आप सादर आमंत्रित हैं।

**दिनांक :**
**6 अप्रैल, 2025**
**दिन : रविवार**



समय : दोपहर 12.30 बजे से प्रारम्भ

स्थान : के-4, ए-ब्लॉक,
गोविन्दपुरम कमर्शियल एरिया,
हापुड़ रोड, गाजियाबाद

**दर्शनाभिलाषी - दैनिक करंट क्राइम परिवार**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। शनिवार 05 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 105 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद... वक्फ बिल पास होने के बाद कई शहरों में हुए विरोध-प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल संसद से पास हो चुका है। अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। महामहिम की मंजूरी के बाद यह कानून की शक्ल ले लेगा। हालांकि वक्फ बिल पास होने के बाद भारत के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है।

शुक्रवार को कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद सहित भारत के कई शहरों में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। विरोध कर रहे लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, वक्फ बिल का समर्थन करने वाले नेताओं के पुतले फूंके। वक्फ बिल के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भारी प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को बंगाल की राजधानी कोलकाता में मुस्लिम समुदाय की भारी भीड़ राष्ट्रीय ध्वज लहराते वक्फ बिल के विरोध के पोस्टर लिए सड़कों पर उतर आए। कई विरोध प्रदर्शन वक्फ संरक्षण के लिए संयुक्त मंच द्वारा आयोजित किए गए थे।

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद से भी विरोध-प्रदर्शन की तस्वीरें सामने आई है। अहमदाबाद में हो रहे प्रदर्शन के वीडियो में पुलिस सड़क पर बैठे बुजुर्ग प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाने की कोशिश करती नजर आ रही है। गुजरात में पुलिस ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीम या एआईएमआईएम की राज्य इकाई के प्रमुख और उसके 40 सदस्यों को हिरासत में लिया। दक्षिण भारत से भी विरोध-प्रदर्शन की तस्वीरें सामने आई। चेन्नई में अभिनेता विजय की तमिलगा वेत्री कझगम ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। टीवीके कार्यकर्ता चेन्नई और कोयंबटूर तथा तिरुचिरापल्ली जैसे प्रमुख शहरों में एकत्र हुए और 'वक्फ विधेयक को अस्वीकार करो' तथा 'मुसलमानों के अधिकार मत छीनो' जैसे नारे लगाए। साउथ एक्टर विजय ने वक्फ विधेयक को लोकतंत्र विरोधी बताया तथा कहा कि इसके पारित होने से भारत की धर्मनिरपेक्ष नींव पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

### बेंगलुरु में सड़कों पर उतरी महिलाएं

बेंगलुरु से भी विरोध की तस्वीरें सामने आई। बेंगलुरु में वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी दिखी। बेंगलुरु में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी तनाव दिखा। पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) आशीष श्रीवास्तव ने कहा, हमने सभी से पूरा विधेयक पढ़ने के बाद ही कोई राय बनाने को कहा है और हम सोशल मीडिया पर लगातार नजर रख रहे हैं।

# वक्फ बोर्ड कानून पास होने और शुक्रवार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद रही अलर्ट

## संवेदनशील इलाकों में पुलिस अधिकारियों ने निकाला फ्लैग मार्च, ड्रोन से रखी गई निगरानी

## सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन में पुलिस ने की गश्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को लेकर और संसद व राज्यसभा में वक्फ पर बिल पास होने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस जहां अलर्ट मोड पर थी। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने का काम किया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी राजेश कुमार और एसीपी घंटाघर कोतवाली ने जहां कैला भट्टा और संवेदनशील इलाकों पर नजर रखने का काम किया है। तो वहीं ट्रांस हिंडन में डीसीपी निमिष रशरथ पाटिल ने एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल के साथ संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त में भाग लिया। उधर ग्रामीण इलाके में मसूरी थानाक्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया और कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखा गया।

### मस्जिदों और संवेदनशील इलाकों पर पुलिस रही अलर्ट

**करंट क्राइम :** कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि शुक्रवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। कई जगह फ्लैग मार्च निकालने के साथ ही संवेदनशील इलाकों में निगरानी रखी गई। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को उनके इलाके में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए थे, जिसकी वजह से कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई घटना या माहौल खराब होने वाली स्थिति सामने नहीं बनी है।

### सिटी से लेकर देहात तक पुलिस ने संभाले रखी कमान

करंट क्राइम : वक्फ बिस पास होने और शुक्रवार के अलर्ट को लेकर गाजियाबाद में सब कुछ शांतिपूर्वक रहा। दोपहर के वक्त नमाज के समय मस्जिदों और इलाकों में पुलिस ने गश्त की, तो वहीं खुफिया विभाग के अधिकारियों ने भी अलग-अलग इलाकों में नजर रखने का काम किया। इस दौरान थाना प्रभारी भी गश्त पर निकले।






# रामनवमी पर शहर को जगमग करेगा नगर निगम और जिला प्रशासन



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए थे बीते दिनों निर्देश



### मंदिरों के आसपास चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

करंट क्राइम : नगर निगम रामनवमी के अवसर पर दो दिनों तक शहर के प्रमुख मंदिरों और खास इलाकों पर स्वच्छता का अभियान चलाया गया। यहां से प्रतिदिन कूड़ा हटाने के साथ ही झाड़ू लगवाने और चूना डलवाने का भी काम किया जाएगा। यह रामनवमी के अवसर पर धर्मस्थलों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था और सजावट भी कराई जाएगी ताकि रामनवमी पर भगवान राम का संदेश दिया जा सके। वहीं नगर आयुक्त ने सभी विभागों के प्रभारियों को इस दिशा में शासन के आदशों का पालन कराने का निर्देशा भी दिया है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 6 अप्रैल को रामनवमी है और रामनवमी के अवसर पर बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया था कि वह अपने क्षेत्र में रामनवमी के अवसर पर रोशनी करेंगे।

शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रकाश से जगमग किया जाए। साथ ही साफ-सफाई और सजावट की जाए। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और राम मंदिर की स्थापना होने के बाद से रामनवमी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार अलग तरीके के आयोजन करती है। इससे पहले पिछली बार एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया गया था। जिसके तहत मंदिरों, प्रमुख स्थानों और शहर के चौराहों पर लाइटिंग करने के साथ ही सजावट भी की गई थी।

# सपाईयों की शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई, पुलिस से फिर मिलेंगे सपा नेता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला दहन और उन पर अपशब्द कहे जाने के मामले में पुलिस ने अब तक कोई एक्शन नहीं लिया।


उधर समाजवादी पार्टी के नेता पुलिस द्वारा अब तक कोई एक्शन ना लिए जाने से नाराज हैं। इस मामले में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन का कहना है कि दोबारा से पुलिस अधिकारियों से मिलकर इस पूरे मामले में शिकायत की जाएगी और कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। बता दें कि गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राजनगर स्थित कार्यालय के बाहर समाजवादी पार्टी के सांसद का भाजपा मंडल उपाध्यक्ष और उनके साथियों ने नारेबाजी करके शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया था। जिससे नाराज समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने पहले पुलिस ऑफिस में शिकायत दी और फिर एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह से इस मामले में मुकदमा लिखने और कार्रवाई करने की अपील की थी।

# पार्षद रुखसाना सैफी ने खून से लिखा मुख्यमंत्री के नाम पत्र



## कहा नहीं हो रहा विकास कार्य और अधिकारी कर रहे भ्रष्टाचार

## उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं होने पर भेदभाव का भी लगाया है आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार जहां जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने का दावा कर रही है। तो वहीं नगर निगम भी बेहतर और आधुनीकरण बिना किसी भेदभाव के काम करने का दावा कर रहा है लेकिन वार्ड- 95 की नगर निगम पार्षद रुखसाना सैफी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार के नाम खून से एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कई गंभीर आरोप और शिकायत भी रखी हैं।

खून से लिखे इस पत्र में पार्षद वार्ड 95 नगर निगम रुखसाना सैफी ने कहा है कि वार्ड-95 में पीने का साफ पानी नहीं आता है। साथ ही साफ सफाई भी नहीं हो रही है। टूटी हुई सड़कों को बनवाया नहीं जा रहा है। जलभराव की समस्या का अभी तक समाधान करवाया गया है। वार्ड-95 में उनके साथ भेदभाव बंद कर विकास और सौंदर्यीकरण कराए जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि भ्रष्टाचार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

शिकायतों पर झूठी रिपोर्ट लगवाने वाले अधिकारियों से भी शासन और अधिकारियों को जवाब लेना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को रुखसाना सैफी ने इस पत्र को लिखा है, जो मुख्यमंत्री के नाम है। जल्द ही इस मामले में एक्शन होने की संभावना जताई जा रही है।

# पांच दिन पूर्व गायब युवक का शव पानी के आर-ओ प्लांट में मिला

## परिजनों ने हत्या की आशंका प्रकट कर हंगामा किया

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर इलाके की एक कॉलोनी से पांच दिन पूर्व गायब हुआ युवक का सड़ा गला शव उसके घर के पास बने आर-ओ प्लांट में पडी टीन सैट से शुक्रवार को बरामद हुआ। सुबह सात सात बजे आरो प्लांट से बदबू आने पर आसपास के लोगों ने आरो प्लांट में जाकर देखा तो गायब युवक का शव पड़ा हुआ था। शव देखकर परिजनों और कॉलोनी वासियों में रोष व्याप्त हो गया और हंगामा शुरू कर दिया सुचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने पानी के आरो प्लांट के मालिक के पुत्र पर हत्या करने की शंका जाहिर की है। लोनी बार्डर थाने की उत्तरांचल विहार सोसायटी कॉलोनी का रहने वाला ओमवीर का 26 वर्षीय पुत्र सत्यम उर्फ पिन्टू सोमवार को स्कूटी लेकर घर से निकल गया। जब वह रात तक वापस नही लौटा तो परिजनों ने ढूढंना शुरू किया। लेकिन कोई सुराग नही लगा। परिजन परेशान होकर बार्डर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने ओमवीर की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली। लेकिन परिजन व कॉलोनी के लोग सत्यम को ढूढंने का प्रयास करते रहे, पर कोई सुराग नही लग सका। शुक्रवार सुबह सात बजे परिजनों व आसपास के लोगों को घर के पास स्थित पानी के आरो प्लांट से बदबू आई लोगों ने आरो प्लांट में जाकर देखा तो प्लांट में पड़ी टीन सैट में सत्यम का सडा गला शव पडा हुआ था। शव देखते ही परिजनों में मातम पसर गया।





# मनोज कुमार का अंतिम संस्कार आज



**मुंबई।** दिग्गज भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 87 साल की उम्र में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। हिंदी सिनेमा जगत के कई सितारे शुक्रवार को अभिनेता के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे। दूसरी ओर शाहरुख खान समेत फिल्म इंडस्ट्री के तमाम दिग्गज मनोज कुमार को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि भी दे रहे हैं। शनिवार सुबह पवन हंस श्मशान घाट, जुहू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मनोज कुमार के निधन पर दिग्गज अभिनेता प्रेम चोपड़ा ने कहा, 'यह केवल उद्योग के लिए नहीं बल्कि मेरी व्यक्तिगत क्षति भी है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सम्पन्न

## संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने पर दिया जोर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद गाजियाबाद की एक बैठक मुख्य कार्यालय 50 नयागंज, गाजियाबाद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने की। इस अवसर पर संगठन में कई नए व्यापारियों को जोड़ा गया एवं सभी सदस्यों को हिंदु नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरण किया गया। बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से विभिन्न विभागों द्वारा आ रही कठिनाइयों के समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप बंसल ने स्पष्ट किया कि संगठन के सभी सदस्यों को प्रतिवर्ष सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया गया। सभी व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ने में सहयोग करें।

इस बैठक में दीपक गर्ग, मूलचंद गर्ग, मुकेश कुमार प्रजापति, दीपक अग्रवाल, विनोद कुमार, सुंदरलाल, सोनू सैनी , चांद कुरैशी , जगमोहन, प्रेम प्रकाश चिन्नी, अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार बिल्लू, अरुण कुमार, संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, अमन कुमार, राजू कुमार, राजेंद्र कुमार राजू, आशीष कुमार, अमन सिसोदिया, चेतन शर्मा सहित कई वरिष्ठ व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# यूपी: परिवहन निगम में होगी 5000 महिला परिचालकों की सीधी भर्ती, गृह जिले में मिलेगी तैनाती, इस तरह करें आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार 5000 महिला अभ्यर्थियों की संविदा परिचालक के रूप में भर्ती की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया महिला सशक्तिकरण और रोजगार वृद्धि के उद्देश्य से की जा रही है। यह भर्ती प्रक्रिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



### गृह जनपद में ही होगी तैनाती

सरकार ने महिला अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए हैं कि उनका गृह जनपद के डिपो में ही नियुक्ति की जाएगी। संविदा परिचालकों को परिवहन निगम द्वारा निर्धारित अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के अनुसार वेतन मिलेगा 08 से 17 अप्रैल तक रोजगार मेले का आयोजन परिवहन मंत्री ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक विभिन्न शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। रोजगार मेले का कार्यक्रम 08 अप्रैलः गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी 11 अप्रैलः मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़ 15 अप्रैलः सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूटधाम, बांदा, प्रयागराज 17 अप्रैलः नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर ऑनलाइन आवेदन और प्रमाणपत्र सत्यापन इच्छुक अभ्यर्थी परिवहन निगम की वेबसाइट ६६६.४स्त्र२१३.ङ्के पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।प्रमाणपत्रों का सत्यापन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जाएगा।

### महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

महिला अभ्यर्थियों को स्किल डेवलपमेंट के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यदि किसी प्रशिक्षण कोर्स की आवश्यकता होगी, तो परिवहन निगम स्वयं प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा और इसका खर्च उ.प्र. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास मिशन द्वारा वहन किया जाएगा।

# सड़क पर नमाज से जुड़े गौरव गोगोई के बयान पर सीएम सरमा ने जताई शर्मिंदगी

**गुवाहटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने संसद में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के सड़क पर नमाज से जुड़े बयान को लेकर शर्मिंदगी जताई। उन्होंने सांसद का बिना नाम लिए कहा कि मुझे इस बात पर शर्मिंदगी महसूस हो रही है कि हमारे राज्य के एक सांसद ने वक्फ विधेयक पर बहस के दौरान संसद में कहा कि मुसलमानों को सड़कों पर ईद की नमाज अदा करने की अनुमति नहीं है। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।



असम की सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद सीएम सरमा ने कहा कि असम के लोग भी सड़कों पर नमाज अदा नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि राज्य में खूबसूरत और अच्छी मस्जिदें हैं। सरमा ने कहा कि देश भर से लोग मुझे इस बारे में फोन कर रहे हैं। हम शर्मिंदा हैं और मैं सीएम के तौर पर देश भर के लोगों से माफी मांगता हूं।

उन्होंने कहा कि मुसलमानों की ओर से ऐसी कोई मांग नहीं की गई है कि वे सड़कों पर नमाज अदा करना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद की टिप्पणी से यह धारणा बनी है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में केवल एक समुदाय ने योगदान दिया। सांसद केवल एक समुदाय की भूमिका को उजागर करने की हद तक चले गए। महात्मा गांधी, गोपीनाथ बोरदोलोई, सुभाष चंद्र बोस या अन्य प्रमुख हस्तियों का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

सीएम सरमा ने कहा कि यह केवल संसद में असम के एक विशेष सांसद का अतिवादी बयान हैं, जिसने हमें दुखी किया है और हम इसके बारे में शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। असम के लोग समय आने पर ऐसे लोगों को सबक सिखाएंगे। पंचायत चुनाव को लेकर सरमा ने कहा कि यह सभी चुनावों में अच्छा होगा। क्योंकि असम के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बहुत भरोसा है।'

गोगोई ने वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान मुसलमानों को सड़कों पर ईद की नमाज अदा करने से कथित तौर पर रोकने के लिए सरकार की आलोचना की थी।

# सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सुरक्षा घटा दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरशरण कौर को अब जेड-श्रेणी सिक्योरिटी की सुरक्षा मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने समीक्षा के बाद दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर जेड श्रेणी कर दी है। पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में दिवंगत हुए पूर्व प्रधानमंत्री के निकटतम परिवार से होने के कारण उन्हें पहले जेड-प्लस श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी।



### केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने की सुरक्षा की समीक्षा

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से गुरशरण कौर की सुरक्षा की हाल ही में की गई समीक्षा में उन्हें जेड श्रेणी में रखने का प्रावधान किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) वीआईपी सुरक्षा विंग को कौर के लिए जेड श्रेणी के अनुसार कर्मियों की संख्या और प्रोटोकॉल कम करने का निर्देश दिया है।

निजी सुरक्षा के साथ मिलेगी घर की सुरक्षा

सूत्रों ने बताया कि उन्हें निजी सुरक्षा के साथ-साथ उनके घर की सुरक्षा के लिए करीब 12 सशस्त्र कमांडो की सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के वर्गीकरण में बदलाव के कारण पूर्व पीएम के लिए स्वीकृत दिल्ली पुलिस कर्मियों की संख्या में भी कमी आई है। बता दें कि, केंद्र सरकार की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए विशेष सुरक्षा समूह अधिनियम में बदलाव किए जाने के बाद, पूर्व पीएम मनमोनह सिंह को 2019 में सीआरपीएफ के उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल के साथ जेड-प्लस कवर प्रदान किया गया था।स्व. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 के बीच दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे।

# 'मणिपुर हिंसा में 260 लोग मारे गए, लेकिन बंगाल में चुनावी संघर्ष में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए'

**नई दिल्ली।** सुरक्षाबलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 85 प्रतिशत की कमी हुई है। मोदी सरकार ने नॉर्थईस्ट में 20 शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 260 लोग मारे गए हैं, लेकिन बंगाल में तो चुनावी हिंसा में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए हैं। प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मणिपुर सरकार के सामने कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया था, क्योंकि विपक्ष के पास यह प्रस्ताव लाने के लिए पर्याप्त सदस्य ही नहीं हैं। उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया और फिर राज्यपाल ने भाजपा के 37, एनपीपी के 6, एनपीएफ के 5, जद (यू) के 1 और कांग्रेस के 5 विधानसभा सदस्यों से चर्चा की। जब अधिकतर सदस्यों ने कहा कि वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं, तब कैबिनेट ने राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा की, जिसे राष्ट्रपति महोदया ने स्वीकार किया। दिसंबर, 2024 से मणिपुर में नहीं हुई कोई हिंसा अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रपति शासन 13 फरवरी को लगाया गया, जबकि दिसंबर, 2024 से आज तक मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भ्रांति फैलाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। 13 फरवरी, 2025 से 7 साल पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि मणिपुर में उस वक्त विपक्ष की सरकार थी और तब वहां औसतन एक साल में 200 से अधिक दिन मणिपुर में बंद, ब्लॉकेड और कर्फ्यू रहता था और 1000 से अधिक लोग एनकाउंटर्स में मारे गए थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त भी तत्कालीन प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा नहीं किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जातीय हिंसा और नक्सलवाद में फर्क है। दो समुदायों के बीच जब नस्लीय हिंसा होती है और हथियार लेकर देश की सरकार और जनता के खिलाफ खड़े नक्सलवादियों, दोनों से निपटने का तरीका अलग-अलग है। विपक्ष को इन दोनों हिंसा में कोई फर्क नहीं दिखता है। शाह ने कहा कि यह बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।



**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्य सभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव रखा। सदन ने प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया। अमित शाह ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच नॉर्थईस्ट में 11,327 हिंसक घटनाएं हुई, लेकिन मोदी सरकार के दस साल में ये घटनाएं 70 प्रतिशत घटकर 3,428 रह गई हैं**

# मणिपुर के घाटी जिलों से 11 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद की भी बरामदगी

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई घाटी जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, कई ऑपरेशनों के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए। पुलिस के मुताबिक सुरक्षाबलों ने पीआरईपीएके के दो सक्रिय सदस्यों को इंफाल पश्चिम जिले के लांगथाबल कुंजा से गिरफ्तार किए गए, जबकि कांगलेई यावल कन्ना लुप (केवाईकेएल) का एक अन्य सदस्य उसी जिले के अवांफ पोतसांगबाम से पकड़ा गया। एक अन्य उग्रवादी, जो प्रतिबंधित केवाईकेएल (एसओआरईपीए) से संबंधित था, को थौबाल जिले के उनिंगखोंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।



इसी तरह से सुरक्षाबलों ने इंफाल पूर्व जिले के चिंगरेल तेजपुर से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का एक सदस्य, कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (सिटी मैतेई) का एक सदस्य, जो जिले के फाकनुंग सांगोमशांग स्थित अपने घर से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह से सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग खुनौ से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) का एक सक्रिय सदस्य, केसीपी (नयन) के दो सदस्य जो कीराओ वांगखेम ममंग लेकाई से और प्रतिबंधित संगठन यूपीपीके के दो और सदस्य इंफाल पूर्व से गिरफ्तार किया।

### भारी मात्रा में हथियार बरामद

इन ऑपरेशनों के दौरान, सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों में सर्च और क्षेत्र प्रभुत्व मिशन किए। कंगपोकपी जिले के न्यू केइथलमांबी पुलिस थाना के तहत मोंगपी रिज क्षेत्र में बलों ने विभिन्न प्रकार के हथियार, जिनमें राइफल, पिस्तौल, बम और यहां तक कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी शामिल थे, बरामद किए। जब्त किए गए सामानों में दो रेडियो सेट, विभिन्न कैलिबर के पॉम्पी बम और विभिन्न आग्नेयास्त्रों के लिए गोला-बारूद शामिल थे।

### सुरक्षा बलों ने 13 बंकरों को किया नष्ट

इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने एक कुकी सशस्त्र समूह की तरफ से कथित रूप से बनाए गए 13 बंकरों को नष्ट किया। वहीं, इंफाल पूर्व जिले के याइंगंगपोकपी क्षेत्र में, सुरक्षा बलों ने ट्विचिन और सैबोल गांवों से बम, बंदूकें और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बड़ी खेप बरामद की। इस खजाने में बर्मा निर्मित इलेक्ट्रॉनिक आईईडी, 12 बोर गोला-बारूद और विभिन्न कैलिबर के पॉम्पी बम शामिल थे। एक उग्रवादी से एक पिस्तौल भी एक बरामद की गई।

# थाईलैंड से श्रीलंका रवाना हुए पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल में पहली बार कर रहे दौरा

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को आंध्र प्रदेश से मोर और दीया के साथ पीतल की उरली भेंट की। यह पारंपरिक पीतल शिल्प कौशल का एक उत्कृष्ट नमूना है, जो पवित्रता, सकारात्मकता और प्रचुरता का प्रतीक है। पारंपरिक रूप से अनुष्ठानों और उत्सव की सजावट के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस उरली में अक्सर पानी, फूल या तैरती हुई मोमबत्तियां भरी होती हैं।




जबकि दीया (तेल का दीपक) इसके आध्यात्मिक महत्व को बढ़ाता है। अपनी जटिल नक्काशी और बेहतरीन फिनिशिंग के लिए प्रसिद्ध, यह कृति आंध्र प्रदेश की समृद्ध धातुकर्म विरासत को दर्शाती है। इसकी चमचमाती पीतल की पॉलिश एक शाही आकर्षण जोड़ती है, जो इसे पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के अंदरूनी हिस्सों के लिए एक कालातीत जोड़ बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैंकॉक से श्रीलंका के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री ने यहां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को रक्षा संबंधों और श्रीलंका के साथ ऊर्जा, व्यापार और संपर्क में सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोलंबो के लिए थाईलैंड से रवाना हुए। प्रधानमंत्री पिछले सितंबर में कार्यभार संभालने के बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की तरफ से मेजबानी किए जाने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2019 में श्रीलंका की यात्रा की थी। 2015 के बाद से यह द्वीप राष्ट्र की उनकी चौथी यात्रा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग पहल (बिम्सटेक) समूह के नेताओं की शिखर बैठक के इतर मुलाकात की।

### अस्पताल के भर्ती करने से इनकार के बाद गर्भवती महिला की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक अस्पताल की संवेदनहीनता ने गर्भवती महिला की जान ले ली। अस्पताल में इलाज के लिए 10 लाख रुपये एडवांस जमा न करने पर गर्भवती महिला को भर्ती से करने से इनकार कर दिया। गर्भवती महिला ने दूसरे अस्पताल में जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद महिला की मौत हो गई। मामले में महाराष्ट्र सरकार ने सख्त कदम उठाया। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी घटना की जांच करेंगे।

**NAME CHANGED**

I am Sanjeev Kumar Sharma son of Shri Ghanshyam Sharma, resident of 721 B Nyay Khand First Indirapuram Ghaziabad.Sanjeev Kumar Sharma and Sanjeev Bhardwaj are both the names of the same person who is mine. In future I should be known and identified by the name of Sanjeev Kumar Sharma only.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 05 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ समारोह आज

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य होंगे मुख्य अतिथि

## घंटाघर रामलीला मैदान में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में हो रहा है आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान में हर साल की तरह महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर महाकुंभ का आयोजन होने वाला है। इस महाकुंभ के आयोजन में न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों से कश्यप-निषाद संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। तो वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आएंगे। केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही नरेंद्र कश्यप और राज्यसभा सांसद के लक्ष्मण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। साथ ही गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ ही संगठन और कश्यप-निषाद समाज के पदाधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमंत्रित किया गया है। वही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन सैलाब आने की घोषणा आयोजनकों द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह करीब 11 से हो जाएगी जबकि इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए केशव प्रसाद मौर्य एक बजे के बाद पहुंचेंगे और वह मंच से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और संगठन से जुड़े लोगों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई सांसद, विधायक और मंत्री भी शामिल होंगे। शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सौरभ जयसवाल, डा. सागर कश्यप, विशाल कश्पय, पवन, माहिम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाकुंभ में शामिल होंगे हजारों लोग, कई राज्यों से पहुंचेंगे कश्यप-निषाद संगठन के पदाधिकारी




### महाकुंभ से दिया जाएगा सामाजिक और धार्मिक संदेश

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में कश्यप-निषाद समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम का मकसद महर्षि कश्यप के जीवन को अपने जीवन में अपनाना और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना भी है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि यह आयोजन न सिर्फ सामाजिक, धार्मिक बल्कि राजनैतिक होने के साथ-साथ यह लोगों को जोड़ने और मिलाने वाला कार्यक्रम रहेगा।

### सुरक्षा का रहेगा कड़ा घेरा, पुलिस बल रहेगा तैनात



**करंट क्राइम :** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर महाकुंभ का जो आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को आना है, इसके लिए अलग से पार्किंग स्थल और रूट पर बड़ी संख्या में यातायात पुलिस कर्मियों के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम को लेकर एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, थाना प्रभारी घंटाघर अनुराग के साथ ही दमकल विभाग की टीम और सुरक्षा संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट तैयार की है। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही मैटल डिटेक्टर से भी लोगों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना न होने पाए।

### बनाया गया है बड़ा पंडाल और मंच पर रहेगी नेताओं की कतार



**करंट क्राइम :** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम में लगभग 15000 से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। तो वहीं 15000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उनके जलपान और अन्य व्यवस्थाओं को भी यहां पर अंजाम दिया गया है। घंटाघर रामलीला मैदान में लगभग 75000 वर्ग फुट में कार्यक्रम के लिए टेंट और पंडाल बनाए गए हैं। मंच भी भव्य रहेगा, इसके साथ ही डिप्टी सीएम के कार्यक्रम होने की वजह से सुरक्षा के लिहाज से डी का घेरा बनाया गया है। तो वहीं अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ ही आने वाले अलग-अलग राज्यों के गणमान्य अतिथियों के लिए भी मंच और साइड में अलग से ब्लॉक बनाए गए हैं।



## 'दिल को छू गई देश राज देशी के लिए मयंक गोयल की कही पंक्तियां'

Mayank Goel
8m

आज तेरी माँ होती तो कितना खुश होती
उनसे ज़्यादा मैं खुश हूँ.... तू अकेला थोड़ी है मामा है उसमे दो माँ होती हैं
ये पटका हीरे जवाहरात से ज़्यादा सम्भाल कर रखूँगा।
फिर बोले यार बेटा हुआ जितनी ख़ुशी उस दिन थी उतनी ही आज है
कहना था वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री देशराज देसी जी का
पहले मेरी नज़र उतारी
अकेले थे मेरा व्रत था मुझे गंगाजल प्रसाद में दिया।
ख़ुशी में नाचे भी और रोये भी
कोई दूसरा दल है जहाँ ये लाड़ प्यार और निस्वार्थ प्रेम मिले।।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष बनें हैं और उनकी खूबी ये है कि उनका सियासी करियर कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुआ। संघ के स्वयंसेवक के रूप में शुरू हुआ। अब जब वो महानगर अध्यक्ष बनें तो वो एक संदेश भाजपा की विचारधारा का कार्यकताओं के बीच दे रहे हैं। वो पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं के यहां जा रहे हैं। उनसे आशीर्वाद ले रहे हैं। वो पूर्व विधायक रूप चौधरी के यहां पहुंचे, वो वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया के यहां पहुंचे और अब वो लाइनपार क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ भाजपा देशराज देशी के यहां पहुंचे। इससे पहले मयंक गोयल पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के यहां पहुंचे तो, भाजपा की कई महिला नेताओं के पास पहुंचे हैं और मुलाकातों का ये सिलसिला इस बात का संदेश दे रहा है कि सबको साथ लेकर चलना है और नींव के पत्थरों का सम्मान सर्वोपरि है। मयंक गोयल जो संदेश देना चाहते हैं वो भलीभांति दे रहे हैं। वो ऊजावान कार्यकताओं के साथ हैं। वो पार्टी के समर्पित और वरिष्ठ कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं। बड़ी बात ये है कि स्नेहभाव के साथ मयंक गोयल अपने शब्दों से भी पूरे माहौल को बना रहे हैं। इसी कड़ी में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भाजपा के पुराने कार्यकर्ता देशराज देशी के यहां पहुंचे। यहां उन्होंने अपने शब्दों के साथ एक संतुलन साधा और कार्यकर्ता को एहसास कराया। मयंक गोयल ने देशराज देशी को लेकर जो पंक्तियां लिखीं वो दिल को छू जाने वाली थीं। उन्होंने यहां लिखा कि ह्यअगर मेरी मां होती तो, कितना खुश होती, उससे ज्यादा मैं खुश हूं, इस तरह से मयंक गोयल ने अपने शब्दों से यहां रिश्तों एक मान-सम्मान दिया और देशराज देशी ने मयंक गोयल का पटका पहनाकर सम्मान किया।

मयंक गोयल ने लिखा कि ये पटका हीरे जवाहिरात से ज्यादा संभालकर रखूंगा। इसके बाद उन्होंने अपने शब्दों में पारिवारिक रिश्तों का समावेश किया और एहसास करा दिया कि वो वरिष्ठों का सम्मान भी करना जानते हैं और सियासत की उस नब्ज को भी जानते हैं जहां से अपनेपन का जादू शुरू होता है।

## प्रशासन ने बनाया हीट वेव से बचने के लिए एक्शन प्लान

### स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निगम और श्रम विभाग को किया गया एक्टिव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इस बार अप्रैल में ही मई और जून जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और गाजियाबाद जिला प्रशासन लगातार हीट वेव को लेकर अलर्ट मोड पर आ गया है। हीट वेव को लेकर सरकार और प्रशासन द्वारा अपने-अपने स्तर पर लोगों के साथ ही जीव जंतुओं और आमजन को बचाने के लिए हीट वेव से बचने के लिए एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। तो वहीं हीट वेव का बचाव और उसके उपाय जन-जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, बस स्टैंड ,सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशनों पर ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, कूलर और शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में हीट वेव से बचाव की वीडियो और प्रचार सामग्री वितरित की जा रही है। इसके साथ ही घरों से बाहर निकलने वाले लोगों को भी अलर्ट रहने और धूप और गर्मी से बचाव के निर्देश दिए जा रहे हैं। शुक्रवार को जिला प्रशासन



गाजियाबाद द्वारा हीट वेव से बचाव को लेकर बैठक की गइ। जिसमें सर्विलांस अधिकारी, चिकित्सा विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायती राज विभाग, जिला सूचना विभाग, सहायक श्रम आयुक्त ,तहसीलदार लोनी, नायब तहसीलदार मोदी नगर, गाजियाबाद अपर जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी, नोडल अधिकारी मोदीनगर, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध, नगर निगम और अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### शहरभर में लगाए जाएंगे जगह-जगह कूलर पंखे और वाटर प्लांट

**करंट क्राइम :** हीट वेव्स से बचने के लिए डॉक्टरों से लेकर जानकार अपील कर रहे हैं कि लोग अधिक से अधिक पानी पिएं और 2 घंटे के अंतराल में पानी की आपूर्ति शरीर में की जानी चाहिए। इसके लिए शहर के तमाम प्रमुख चौराहों और इलाकों में जहां वाटर प्लांट लगाए जाएंगे। तो वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ओआरएस के पैकेट लोगों के घर-घर और कार्यालय और बच्चों को भी वितरित करने का काम किया जाएगा। वहीं विद्युत विभाग की व्यवस्था ठीक प्रकार से सुचारू रहे, वहां पर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए की रोस्टिंग कम से कम हो और कोई भी गड़बड़ी होने पर विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जा सके। वहीं प्याऊ लगाकर भी लोगों को हीट वेव से बचाने की तैयारी की जाएगी।

### ऐसे रखें हीट वेव में अपना ख्याल

- गर्मियों के दिनों में खासतौर पर रोजाना खुद को हाईड्रेट रखें। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी (करीब 2 से 3 लीटर प्रतिदिन) पीते रहें।
- धूप में जब भी बाहर जाएं तो अपने सिर को टोपी या स्कार्फ से ढककर रखें।
- इन दिनों हल्के-फुल्के और ढीले सूती कपड़े पहनें, ताकि इनसे हवा पास होती रहे और शरीर को ठंडक मिलती रहे।
- पीक धूप के समय घर-ऑफिस से बाहर न निकलें। कोशिश करें कि सुबह या शाम को ही ट्रेवल करें।
- खुले में अपनी कार पार्क न करें, क्योंकि इससे यह काफी गर्म हो जाती है। साथ ही ऐसे में पार्किंग में खड़ी कारों में बच्चों और पेट्स को न छोड़ें।

## अध्यक्ष मयंक गोयल की टीम में नदिया पार से कितने चेहरे बनाएंगे स्थान

### महामंत्री से लेकर उपाध्यक्ष वाली हसरत के साथ आते हैं एक दर्जन नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर की टीम में स्थान पाने के लिये सभी चेहरे भागदौड़ कर रहे हैं। इस तरह से ये सभी फेस पूरी ताकत के साथ इस रेस में हैं। महानगर की टीम की बात करें तो यहां अध्यक्ष के बाद चार महामंत्री होते हैं। आठ उपाध्यक्ष होते हैं और आठ ही मंत्री होते हैं। एक पद कोषाध्यक्ष का होता है और मीडिया प्रभारी भी होते हैं। संतुलन पार्टी साधेगी और दावेदार अपने-अपने हिसाब से कोशिशें कर रहे हैं।

लाइन पार से कितने नाम आएंगे, मुरादनगर से कितने नाम आएंगे और इन सबके बीच जो एक बड़ा सवाल है वो ये है देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद यानी सियासी बोलचाल की भाषा में नदिया पार से मयंक गोयल की टीम में कितने चेहरे स्थान बनाएंगे। अगर टीम की बात करें तो लगभग 21 सदस्य टीम में होते हैं और इनमें जातीय संतुलन भी साधा है और क्षेत्रीय संतुलन भी साधा जाता है। तो ऐसे में एक बड़ा सवाल यही है कि नदिया पार से भाजपा की महानगर वाली टीम में कितने चेहरे स्थान बनाएंगे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भी मयंक की ताजपोशी पर मिली हैं बधाईयां



**(करंट क्राइम)।** नदिया पार के चेहरों को लेकर जब बात चल रही है तो यहां साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम जरूर आएगा। वो यहां अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ हैं। मंडल में उन्होंने टॉप किया और दस में दस नाम उन्हीं के आए। लिहाजा जब महानगर की टीम घोषित होगी तो फिर से ये सवाल उठेगा कि सुनील शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त कितने चेहरों को मौका मिलेगा। साहिबाबाद से कई चेहरे हैं और यहां बधाई वाले सीन में ये कहा जाता है कि अध्यक्ष बनने के बाद जहां मयंक गोयल को बधाईयां मिली वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भी बधाईयां मिलीं।

### जो चेहरे कर रहे हैं परिक्रमा, उनकी बनेगी कितनी बात

**(करंट क्राइम)।** नई पारी मयंक गोयल ने शुरू की है और यहां कुछ चेहरे पूरी शिद्दत के साथ उनकी परिक्रमा कर रहे हैं। इन चेहरों में साहिबाबाद के चेहरे हैं और ये चेहरे एक घेरा बनाकर चल रहे हैं। हालांकि मयंक गोयल ये कह चुके हैं कि सभी लोग संगठन का काम करें। बड़ी बात ये है कि जो चेहरे अब मयंक गोयल की परिक्रमा कर रहे हैं वो चेहरे पहले कभी संजीव शर्मा और पप्पू पहलवान के आसपास नजर नहीं आए। उत्साह अपनी जगह है और संतुलन अपनी जगह है। बताया जाता है कि 12 चेहरें यहां लाइन में हैं और परिक्रमा कर रहे चेहरों को कितना मौका मिलेगा।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी को मिलेगा क्या टीम में स्थान



**(करंट क्राइम)।** सुधीर त्यागी नदिया पार के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हैं। वो मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं और बड़ी बात ये है कि जब मयंक गोयल ने अध्यक्ष पद के लिये दावेदारी की थी तो जिला प्रतिनिधि के तौर पर सुधीर त्यागी ने ही मयंक गोयल के लिये हस्ताक्षर किये थे। सुधीर त्यागी को टीम में क्या मिलता है और कुछ मिलता भी है या नहीं मिलता है, ये देखने की बात है। फिलहाल ये चेहरा दौड़ में शामिल है।

### कुलदीप कसाना का रहेगा टीम में कितना तराना



**(करंट क्राइम)।** नदिया पार का मामला है और यहां ओबीसी कार्ड भी चलेगा, गुर्जर फैक्टर भी आएगा। ऐसे में पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना का तराना टीम में कितना फिट बैठेगा, ये देखने की बात है। मयंक गोयल की ताजपोशी के बाद से ही वो एक्टिव हैं।

### पूर्व पार्षद विनोद कसाना की क्या बनेगी टीम में बात



**(करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद विनोद कसाना साहिबाबाद की राजनीति का एक्टिव चेहरा है। उनके बारे में ये कहा जाता है कि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। वो भी एक लंबे समय से साहिबाबाद की राजनीति में सियासी ऑक्सीजन तलाश रहे हैं। महानगर की टीम में अगर उन्हें स्थान मिलता है तो उनके लिये यह एक मुकाम भी होगा।

### युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा क्या बन पाएंगे महामंत्री



**(करंट क्राइम)।** गुर्जर चेहरों की बात करें तो नदिया पार क्षेत्र से भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा नदिया पार के युवा गुर्जर चेहरों में आते हैं। वो सियासी रूप से एक्टिव रहते हैं। कई मौकों पर उन्होंने खुद को साबित किया है और यहां पर सवाल यही है कि कितने गुर्जर चेहरों के बीच सचिन डेढ़ा महानगर की टीम में स्थान बना पाते हैं। उन्हें महानगर की टीम में क्या महामंत्री वाला स्थान मिलेगा।

### युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशीष चौधरी क्या आएंगे टीम में



**(करंट क्राइम)।** भाजपा युवा मोर्चा की टीम में निवर्तमान उपाध्यक्ष आशीष चौधरी भी मैन टीम में आने के लिये प्रयासरत हैं। वो युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष रहे हैं और महानगर वाली टीम में नदिया पार से क्या उन्हें लिया जाता है, यह देखने की बात है, लेकिन नदिया पार का यह चेहरा दावेदारी में है।

### अध्यक्ष घोषणा के बाद से एक्टिव हो गए हैं संदीप चौधरी



**(करंट क्राइम)।** महानगर की बात करें और नदिया पार की बात हो तो यहां संदीप चौधरी भी भाजपा की युवा राजनीति का चेहरा हैं। वो महानगर युवा मोर्चा की टीम में महामंत्री रहे हैं। बताया जाता है कि मयंक गोयल की घोषणा के बाद से ही संदीप चौधरी पूरी तरह एक्टिव हैं। वो टीम में ओबीसी कोटे से क्या एंट्री ले पाएंगे और मयंक गोयल की टीम में उनके आने के कितने चांस हैं, यह भी पता चलेगा।

### योगेश भाटी से लेकर बोबी त्यागी का भी नाम



**(करंट क्राइम)।** महानगर की टीम में कौन कहां से आएगा ये संगठन तय करेगा, लेकिन उन नामों को इग्नोर नहीं किया जा सकता जो चर्चा में चल रहे हैं। नदिया पार क्षेत्र से महानगर की टीम में आने वाले दावेदार चेहरों में योगेश भाटी का नाम लिया जाता है। योगेश भाटी क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं, संगठन में एक्टिव रहते हैं और वो महानगर टीम में आने के लिये दावेदारी कर रहे हैं। इसके अलावा अगर नदिया पार क्षेत्र की बात करें तो यहां बोबी त्यागी का भी नाम आता है। बोबी त्यागी महानगर टीम में दावेदारी कर रहे हैं। वो कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं और महानगर की टीम में आने के लिये वो प्रयासरत बताए जाते हैं।



### क्या महामंत्री रह चुके राजन आर्या वाल्मीकि की होगी फिर से वापसी



**(करंट क्राइम)।** नदिया पार के भगवा चेहरों की बात करें तो यहां राजन आर्या वाल्मीकि एक ऐसा नाम है जो मैन टीम में रहने के बाद मंडल टीम में गए। राजन आर्या वाल्मीकि महानगर की टीम में महामंत्री बनें और फिर उन्हें मंडल अध्यक्ष बना दिया गया। राजन आर्या वाल्मीकि अब मंडल अध्यक्ष से क्या फिर महामंत्री पद पर बैक मारेंगे। क्या वो दलित कोटे में महामंत्री वाले फ्रेम में आएंगे। फिलहाल वो भी टीम में स्थान पाने के लिये प्रयासरत बताए जाते हैं।

### पुष्पेंद्र गुप्ता महानगर की टीम में बना पाएंगे क्या स्थान



**(करंट क्राइम)।** नदिया पार की भगवा राजनीति के चेहरों की बात करें तो यहां पुष्पेंद्र गुप्ता का नाम आता है। वो सचिन डेढ़ा के साथ भाजपा युवा मोर्चा महानगर टीम में कोषाध्यक्ष रहे हैं। बताया जाता है कि वो मयंक गोयल की टीम में आने का प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयास कितने कारगर होंगे, ये देखने की बात है।

## संपादकीय

# महिला की पहचान मां

समय आगे बढ़ा है, लेकिन महिलाओं के मामले में हम पीछे ही लौटे हैं। पिछले दिनों जब एआर रहमान के तलाक की खबरें आईं, तो लोगों ने कानाफूसी शुरू कर दी, क्योंकि उसी समय उनकी साथी कलाकार (बेस गिटारिस्ट) मोहिनी डे ने भी अपने तलाक की घोषणा की थी। मोहिनी, जिन्होंने पुरुषों के प्रभुत्व वाली संगीत की दुनिया में अपना नाम स्थापित किया, अचानक वह लोगों की गॉसिप का मसाला बन गईं। जबकि रहमान को तुलनात्मक रूप से कम टीका-टिप्पणी का सामना करना पड़ा। उन दोनों को जिस तरह से लिया गया, इसमें फर्क समाज में गहराई से अंतर्निहित पूर्वग्रह बताता है। जाहिर है कि इसमें नया कुछ नहीं है। जब सामंथा रूथ प्रभु, कुशा कपिला और करिश्मा कपूर ने अपने तलाक की घोषणा की, तब उन्हें भी इसी तरह की प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ा था। यह लगभग वैसा ही है जैसे कि अगर किसी महिला की पहचान उसके पिता, भाई, पति या बेटे के साथ नहीं जुड़ी है, तो उसका अस्तित्व ही समाप्त हो जाना चाहिए।

यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे भारत में एक अकेली महिला समाज के लिए और परिवार के ताने-बाने के लिए बहुत बड़ा खतरा है। समाज को किसने अधिकार दिया कि एक महिला की निजी जिंदगी को हथियार बनाकर उसे उसकी पेशेवर सफलताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया जाए?

लोगों में इतना दुस्साहस कैसे पैदा हो जाता है कि अगर एक महिला अपनी खुशी को सबसे ऊपर रख रही है, तो उसे दया, बदनामी या उपहास की वस्तुओं के रूप में देखा जाए। एक उन्मुक्त आजाद महिला को हर चीज के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। हम किसी जेंडर को महज इसलिए शर्मिंदा क्यों करें, क्योंकि वो सिंगल हैं? फिर चाहे अपनी मर्जी से हों, तलाक लेकर या परिस्थितवश। हमें दो चीजें याद रखनी चाहिए। तलाक किसी के लिए सबसे दुखद घटनाओं में एक हैं। ऐसा कदम उठाने का साहस करने वालों के प्रति हमें उदार रहना चाहिए ना कि उन्हें जज करना या उनका तिरस्कार करना चाहिए। दूसरा, हमें इसे सहजता से लेना चाहिए कि व्यक्तिगत जीवन सार्वजनिक ड्रामा या शर्मिंदगी के बिना सुलझ सकता है। लोगों को जीने दीजिए! उन्हें इस त्रासदी से बाहर आने के लिए समय और अनुकूल माहौल दें, बजाय इसके कि उन्हें बिन मांगी राय से और ठेस पहुंचाएं। यह भी न भूलें कि एक महिला मां, बेटी, बहन या पत्नी से कहीं ज्यादा हैं। उनके करियर, महत्वाकांक्षा और उनकी अपनी पहचान का जश्न मनाना सीखें, जैसे हम पुरुषों के साथ करते हैं। एक महिला की अहमियत सिर्फ उसके शादीशुदा होने से नहीं है बल्कि समाज में उसके योगदान, उसकी पर्सनल ग्रोथ, उसके निर्णय और चुनाव से है। मोहिनी डे की पहचान सिर्फ एक नामी संगीतज्ञ के साथ जुड़ी कलाकार के रूप में नहीं है, वह अपनी क्षेत्र की महारती हैं, ऐसी महिला हैं जो प्रशंसा और सम्मान की हकदार हैं। उनका निजी जीवन उनका निजी है। सिंगल वुमन न तो खतरा हैं और न ही अधूरी हैं।

# टैरिफ की आंच से शुक्रवार को सहमा बाजार, सेंसेक्स 931 अंक गिरा

## निफ्टी 23000 से फिसला

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भारतीय शेयर सूचकांक सेंसेक्स 900 अंक से अधिक टूटकर 76,000 के स्तर से नीचे आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 930.67 अंक या 1.22 प्रतिशत गिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 345.65 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ। आइए जानें शेयर बाजार का विस्तृत हाल।

वैश्विक व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर सूचकांक सेंसेक्स 900 अंक से अधिक टूटकर 76,000 के स्तर से नीचे आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 930.67 अंक या 1.22 प्रतिशत गिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,054.81 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 75,240.55 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 345.65 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स 382.2 अंक या 1.64 प्रतिशत गिरकर 22,867.90 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और बाजार में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से निराशा और बढ़ गई।

### टाटा स्टील के शेयरों में 8.59% तक की गिरावट

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान टाटा स्टील को हुआ, जिसमें 8.59 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मास्युटिकल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और एनटीपीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक के शेयरों में लाभ रहा। व्यापक बाजार की



बात करें तो बीएसई मिडकैप सूचकांक में 3.08 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 3.43 प्रतिशत की गिरावट आई।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट के कारण बाजार में भी गिरावट आई तथा व्यापक बिकवाली के कारण विभिन्न क्षेत्रों में 2-6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निवेशकों को डर है कि ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ नीति मंदी को बढ़ावा देगी और अमेरिका में मुद्रास्फीति को बढ़ावा देगी तथा अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को भी अपनी चपेट में ले लेगी। टेपसे ने कहा कि धातु और तेल शेयरों में तेज गिरावट से संकेत मिल रहा है कि मंदी की आशंकाओं के बीच मांग प्रभावित हो सकती है।

### अमेरिकी बाजार में 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट

एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल में गिरावट रही। हांगकांग और शंघाई शेयर बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। मध्य सत्र के सौदों में यूरोपीय बाजार कम कारोबार कर रहे थे।

गुरुवार को रात भर के सौदों में अमेरिकी बाजार कम बंद हुए, जो 2020 के बाद से उनकी सबसे बड़ी गिरावट थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.26 प्रतिशत गिरकर 67.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारी पारस्परिक व्यापार शुल्क की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई।

# आरबीआई से 10 और 500 के नोटों की नई सीरीज जारी

## रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से 4 अप्रैल, 2025 को जारी की गई विज्ञप्ति में बताया गया कि, 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के नए बैंक नोट जारी करने की घोषणा की गई है। ये नए नोट महात्मा गांधी (नए) सीरीज के तहत जारी किए जाएंगे और आरबीआई के वर्तमान गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे।

**केवल अपडेट किए जाएंगे दोनों नोट**

आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक नीत पंचोली ने बताया कि, नए 10 रुपये और 500 रुपये के नोट महात्मा गांधी (नए) सीरीज में जारी किए जाएंगे। इन नोटों का डिजाइन वर्तमान महात्मा गांधी (नए) सीरीज के नोटों के जैसा ही होगा।

**10 और 500 रुपये के पुराने नोट रहेंगे वैध**

आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि, पहले से प्रचलन में मौजूद 10 रुपये और 500 रुपये के सभी नोट वैध बने रहेंगे और उन्हें चलन से बाहर नहीं किया जाएगा। यह केवल नियमित अद्यतन प्रक्रिया है और पुराने नोट पूरी तरह से मान्य रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड से जुड़े फैसले की समीक्षा से किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड से जुड़ी एक याचिका खारिज कर दी है। यह अपील 2018 में चुनावी बांड योजना के तहत राजनीतिक दलों को मिले 16,518 करोड़ रुपये जब्त करने की याचिकाओं के खिलाफ कोर्ट फैसले की समीक्षा की मांग करते हुए दायर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शीर्ष अदालत के दो अगस्त 2024 के फैसले के खिलाफ खेम सिंह भाटी की ओर से दायर समीक्षा याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल इस योजना के तहत प्राप्त धन को जब्त करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 26 मार्च को कहा, हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।

# सरकार ने 18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी

## महाराष्ट्र-ओडिशा-छत्तीसगढ़ को लाभ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं।

### मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से सुगम होगा रेल परिचालन

मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे।

### 19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण

रेल मंत्री ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि कनेक्टिविटी बढ़ने से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख लोगों तक लाभ पहुंचेगा।

# भारत को नुकसान पहुंचाने वाले मुद्दों को उठाने के लिए मैं जुनूनी', सभापति की टिप्पणी पर चड्ढा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से शुक्रवार को 'जुनूनी' कहे जाने पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद सांसद राघव चड्ढा ने जवाब दिया। चड्ढा ने जोर देकर कहा कि वह उन मुद्दों पर 'गंभीर रूप से जुनूनी' हैं, जो भारतीय हित और देश के आर्थिक हित को चोट पहुंचाते हैं। चड्ढा ने कहा कि वह देश को चोट पहुंचाने वाले मुद्दों को उठाना जारी रखेंगे। चड्ढा ने राज्यसभा में कहा, अगर आपने मेरा सवाल सुना होता, तो आपको पता होता कि मेरा सवाल केवल भारत के बारे में है। आप नेता ने यह टिप्पणी उपराष्ट्रपति की ओर से ट्रंप की ओर से घोषित टैरिफ पर बोलने के लिए खुद को जुनूनी कहे जाने के बाद की। इससे पहले गुरुवार को चड्ढा ने अमेरिका की



ओर से भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि ये शुल्क भारतीय अर्थव्यवस्था को 'बर्बाद' कर देंगे। चड्ढा ने एक्स पर पोस्ट किया, हमने अडिग वफादारी की पेशकश की, लेकिन बदले में ट्रंप प्रशासन ने ट्रंप टैरिफ लगाया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने कहा, हम यह गाना सुनते थे 'अच्छा सिला दिया तूने मेरे प्यार का'...भारत ने दोस्ती बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने अमेरिकी कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए 'गूगल टैक्स' नामक कर हटा दिया। लेकिन हमें इसके जवाब में क्या मिला?...इसका हमारी कंपनियों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत पर 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने के बाद शुक्रवार को कांग्रेस सांसदों ने केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- अरे दोस्तों, अगली बार जब आप एक पेड़ की छाया का आनंद ले रहे हों, तो आप गिलहरी का शुक्रिया अदा करना बिलकुल ना भूलें। लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- कुछ साँप दो साल तक भोजन के बिना जीवित रह सकते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कुछ बातों को लेकर या किसी निर्णय को लेकर असमंजस में रह सकते हैं कि यह काम किया जाए या नहीं। इस भ्रम की स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करें

**वृष:** आप दोनों के रिश्ते में स्थिरता आने की संभावना है। अगर कोई समस्या है तो आप उसे बहुत ही समझदारी से हल करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज के ग्रह नक्षत्र संकेत देते हैं कि प्रेम संबंधों में परेशानी आने वाली है। इस मुसीबत को खुद ही बुला लिया होगा।

**कर्क:** स्थिर रिश्ते का अभाव देखा जा सकता है। जब आप आगे बढ़ रहे हों तो आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।

**सिंह:** जिस मोड़ पर आप रिश्ते में हैं, आगे बढ़ने के योग हैं, यानी आपके प्रेम-जीवन का एक चरण समाप्त होने के बाद दूसरे चरण में प्रवेश करने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** अपने प्रेमी के जीवन में जो भी कदम आगे बढ़ाना चाहते हैं, उसे बिना सोचे समझे न लें। यह समझने की कोशिश करें कि कुछ तो है जो आगे बढ़ने से रोक रहा है।

**तुला:** आप दोनों के बीच तीखी बहस होने की संभावना है, जिसका कोई आधार नहीं होगा। आप दोनों एक दूसरे की कमियां ढूंढने में समय बर्बाद करेंगे।

**वृश्चिक:** प्रेम संबंधों को लेकर दिन बिल्कुल भी अच्छा या आपके पक्ष में नहीं कहा जा सकता है। प्रेमी के जीवन में आपकी पीठ में छुरा घोंपने की संभावना है।

**धनु:** प्रेम संबंधों को सुधारने की जरूरत है ताकि एक बार फिर उनमें प्यार के रंग भर जाए। आप रिश्ते को पटरी पर लाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मकर:** अगर आप चिंतित हैं तो आपको अपने प्रेमी के साथ कुछ समय बिताना चाहिए और प्यार भरी चीजों का आनंद लेना चाहिए।

**कुंभ:** यदि प्रेमी के जीवन में किसी प्रकार की उथल-पुथल चल रही है तो आज सब कुछ शांत होने की संभावना है। आप दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल बनेगा।

**मीन:** लव अफेयर को लेकर दिन मिलाजुला रहेगा क्योंकि आप दोनों अपने निजी कामों में व्यस्त हो सकते हैं। आप अपने काम के लिए एक दूसरे से सलाह भी ले सकते हैं।

## चुटकुले

लड़कियों का क्या है...
वो तो यूट्यूब पर रेसिपी देखकर पानीपुरी,
मोमोज सब बना लेंगी...!
असली परेशानी तो लड़कों को है, जिन्हें
रजनीगंधा की रेसिपी ही नहीं मिल रही...!

---

पहला प्यार अपने आप हो जाता है...!
फिर दूसरा पहला वाला भुलाने के लिए...
फिर तीसरा-चौथा...
बस आदत सी हो जाती है...!

---

आजकल के लड़के...
पापा का फोन कुछ सेकेंड के बाद उठाते हैं...
ताकि उन्हें ये ना लगे कि
मोबाइल उनके हाथ में ही था...!

---

पप्पू ने अपनी गर्लफ्रेंड से कहा...
मुझे वो दो, जिसका मैं हकदार हूं...
फिर क्या...
लड़की ने धोखा दे दिया...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# जल्द वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह; पर अगले दो मैचों से रहेंगे बाहर

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ना सिर्फ शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे, बल्कि सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ भी उनका खेलना संदिग्ध है। हालांकि, ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह मैदान पर वापसी करने के करीब हैं। वह जनवरी से ही रिहैब कर रहे हैं।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक तीन मैच खेले हैं जिसमें से दो में उसे हार मिली है, जबकि एक मैच टीम ने जीता है। बुमराह की अनुपस्थिति में टीम ने सत्यनारायण राजू, विग्नेश पुथुर और अश्विनी कुमार को डेब्यू का मौका दिया है। वहीं, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक पांड्या भी तेज गेंदबाजी आक्रामण का जिम्मा संभाल रहे हैं। बुमराह को लेकर अंतिम बार जानकारी 19 मार्च को आईपीएल 2025 शुरू होने से ठीक पहले दी गई थी। मुंबई के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने इस बारे में राय रखी थी कि बुमराह की अनुपस्थिति टीम के लिए कितनी चुनौतीपूर्ण होने वाली है।

उस वक्त लगा था कि बुमराह आईपीएल में मार्च में होने वाले मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन अप्रैल में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। बुमराह अब तक मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं। बुमराह जनवरी 2025 से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल सके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम मैच में खेले थे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ पहली पारी में गेंदबाजी की थी इसके बाद वह आगे नहीं खेल सके थे। बुमराह को शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह हर्षित राणा को मौका दिया गया।



### पूरी तरह फिट होकर वापसी करना चाहते हैं बुमराह

हाल के दिनों में बुमराह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी गेंदबाजी के वर्कलोड पर काम कर रहे हैं और बताया जा रहा है कि वह फिटनेस टेस्ट के अंतिम दौर में हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम से हरी झंडी मिलने के बाद बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे और आईपीएल 2025 में हिस्सा लेंगे। बुमराह वापसी पर सावधानी बरत रहे हैं और एक्शन में आने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट रहें। मालूम हो कि आईपीएल के 18वें सीजन के बाद भारत को इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

### बुमराह का आईपीएल करियर

बुमराह के आईपीएल करियर की शुरूआत 2013 में मुंबई इंडियंस के साथ हुई जिसमें उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ डेब्यू किया और चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट झटके। पिछले 12 वर्षों में बुमराह ने मुंबई के लिए 133 आईपीएल मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 165 विकेट झटके हैं। वह आईपीएल इतिहास के उन चार गेंदबाजों में शामिल हैं जिन्होंने दो बार मैच में पांच विकेट लिए हैं।

## 53वीं सीनियर वूमेन हैंडबॉल चैंपियनशिप

# रेलवे, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान की टीमें सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** अलीगढ़ में पावना इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर हो रही 53वीं सीनियर वूमेन हैंडबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में रेलवे, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान की टीमें पहुंच गई हैं। शुक्रवार को सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। पांच अप्रैल को फाइनल खेला जाएगा। 3 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल के चार मैच खेले गए। रेलवे ने बिहार को 38-11 गोल से हराया। उत्तर प्रदेश ने पंजाब को 25-21 गोल से शिकस्त दी। वहीं, हिमाचल प्रदेश ने केरल को 29-5, राजस्थान ने गुजरात को 27-15 गोल से हरा दिया। विजेता टीमों ने सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में आठ मैच खेले गए। चैंपियनशिप की संयोजिका सांची वाधवा ने बताया कि रेलवे ने आंध्र प्रदेश को 54-16 गोल से हराया। वहीं, बिहार ने चंडीगढ़ को 29-18, पंजाब ने दिल्ली को 31-22, उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 30-24, केरल ने ओडिशा को 16-12, हिमाचल प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को 24-14, मणिपुर ने गुजरात को 24-16 व राजस्थान ने महाराष्ट्र को 30-19 गोल से हराया।

# क्या बढ़ेगी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट की पुरस्कार राशि?

## सबालेंका-जोकोविच जैसे शीर्ष खिलाड़ियों ने की मांग



**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, अरिना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे 20 प्रमुख टेनिस खिलाड़ियों ने चारो ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग की है। इतना ही नहीं, इन दिग्गज और स्टार टेनिस खिलाड़ियों ने उन्हें प्रभावित करने वाले फैसलों में उनकी बात को अधिक तवज्जो देने की मांग की है। इन स्टार्स ने इस संबंध में चारों ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट के प्रमुखों को पत्र लिखा है। यह पत्र 21 मार्च को लिखा गया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के प्रमुख क्रेग टिली हैं, जबकि फ्रेंच ओपन के प्रमुख स्टीफन मोरेल, विंबलडन के प्रमुख सैली बोल्टन और अमेरिकी ओपन के प्रमुख ल्यू शेर हैं। इन सभी को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों ने पत्र में इस महीने होने वाले मैड्रिड ओपन के दौरान अपने प्रतिनिधियों और चारों ग्रैंड स्लैम के प्रमुखों के बीच बैठक करने का भी अनुरोध किया है। इस पत्र में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष-11 खिलाड़ियों में से केवल एलिना रयबाकिना के इस पर हस्ताक्षर नहीं हैं। अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन की कुल पुरस्कार राशि करीब 58 मिलियन डॉलर (करीब 494 करोड़ रुपये) है, जबकि विंबलडन की करीब 64 मिलियन डॉलर (करीब 545 करोड़ रुपये) और अमेरिकी ओपन की लगभग 75 मिलियन डॉलर (करीब 639 करोड़ रुपये) है। इस राशि में से विजेताओं-उपविजेताओं समेत अन्य हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि बांटी जाती है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूनार्मेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है। इस टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हुआ ये बड़ा खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया जून में इंग्लैंड का दौरा करेगी। जहां पर उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट मैच 20 जून से खेला जाएगा। इस सीरीज से पहले इंग्लैंड टीम को एक जोरदार झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज ऑली स्टोन घुटने में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। ईसीबी ने अपने बयान में कहा है कि नॉटिंघमशायर के प्री-सीजन टूर में अबू धाबी में स्टोन को घुटने में दर्द महसूस हुआ। उनके घुटने की सर्जरी हो सकती है साथ ही वह ईसीबी और नॉटिंघमशायर की मेडिकल टीम के साथ मिलकर रिहैबिलिटेशन पर काम करेंगे। उम्मीद है कि वह अगस्त 2025 तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे।

### पिछले साल सितंबर में खेला था आखिरी टेस्ट मैच

बता दें कि तेज गेंदबाज स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 5 टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले हैं। लेकिन अब वह भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। भारतीय टीम जून के महीने में इंग्लैंड का दौरा करेगी। जहां वह 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट 20 से 24 तक जून लीड्स में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से 6 जुलाई बर्मिंघम होगा। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से 14 जुलाई तक लंदन में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23-27 जुलाई मैनचेस्टर में और पांचवा टेस्ट मैच 31 जुलाई से 4 अगस्त के बीच लंदन में खेला जाएगा।



### इंग्लैंड की बढ़ी मुश्किलें

ऑली स्टोन ने 2019 में लॉर्ड्स में आयरलैंड के खिलाफ अपना डेब्यू किया था, लेकिन फिर पीठ ने चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए थे। ऑली स्टोन के चोटिल होने से इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बढ़ गया है। मार्क वुड पहले से ही घुटने की सर्जरी के बाद चार महीने के लिए टीम से बाहर हो गए हैं, जबकि वुड के डरहम टीम के साथी ब्राइडन कार्स लंबे समय से पैर की उंगली की चोट से जूझ रहे हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं और जिम्बाब्वे टेस्ट से पहले उनके फिट होने की उम्मीद है।

## केकेआर ने आईपीएल में रचा इतिहास

# सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर बनाया ये खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरूआत अच्छी नहीं हुई थी। पहले 3 में से 2 मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अपने घर यानि ईडन गार्डन्स पहुंचते ही उसने वापसी की और 3 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से रौंद दिया। इस बड़ी जीत के साथ कोलकाता ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। उसने वो कारनामा कर दिखाया है, जिसे आईपीएल के 18 सीजन के इतिहास में अभी तक कोई भी टीम नहीं कर सकी है। आइये जानते हैं केकेआर ने कौन-सा यूनिक रिकॉर्ड बनाया है?

### केकेआर का यूनिक रिकॉर्ड

कोलकाता की टीम अभी तक काफी कमजोर दिख रही थी। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद जैसी टीम को बड़े अंतर से मात देने के बाद वो एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई है। आईपीएल में कोलकाता ने हैदराबाद को लगातार चौथी बार हराया। इसके अलावा केकेआर ने इस टूनार्मेंट में उसके खिलाफ ओवरऑल अपनी 20वीं जीत भी हासिल की। इसके साथ ही इस टूनार्मेंट के इतिहास में 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ कम से कम 20 मैच जीतने वाली वो पहली टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 21 बार पटखनी दे चुकी है। वहीं पंजाब किंग्स को भी उसने 20 बार हराया है।

हालांकि, केकेआर ने 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ कम से कम 20 मैच जीतने का एक नया रिकॉर्ड बनाया। लेकिन एक ही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे जीत हासिल करने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है। दिलचस्प बात ये है कि मुंबई की टीम ने ये कारनामा कोलकाता के खिलाफ ही किया है। एमआई ने केकेआर के खिलाफ 24 मैच जीते हैं।



### पॉइंट्स टेबल में लगाई लंबी छलांग

केकेआर ने हैदराबाद को हराते ही पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई। इससे पहले वो 3 मैच में 2 अंक के साथ आखिरी स्थान पर थी। अब इस दमदार जीत के बाद 4 मैच में उसके 4 अंक हो गए हैं और +0.070 के नेट रन रेट के साथ वो पांचवें नंबर पर चली गई है। दूसरी ओर हैदराबाद को इस हार का नुकसान हुआ और वो आखिरी स्थान पर खिसक गई है।

# जुलाई में इटली में खेली जाएगी होपमैन कप मिश्रित टीम टेनिस प्रतियोगिता




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूनार्मेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है। इस टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# वेंकटेश अय्यर बोले- 23.75 करोड़ रुपये हर मैच में रन बनाने के लिए नहीं मिले



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के वाइस-कैप्टन वेंकटेश आय्यर ने साफ किया है कि उनके 23.75 करोड़ रुपये के प्राइस टैग का मतलब ये नहीं है कि उन्हें हर मैच में बड़ा स्कोर करना होगा। उनका कहना है कि वो टीम के लिए असरदार योगदान पर ध्यान देते हैं, न कि सिर्फ रनों के आंकड़ों पर।वेंकटेश आय्यर को केकेआर ने मेगा ऑक्शन में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके रिटेन किया था, जिसके बाद वो टीम के सबसे महंगे और आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। हालांकि, इस सीजन के पहले दो मैचों में उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा-वो सिर्फ 9 रन ही बना पाए। इसके बाद उनके प्राइस टैग को लेकर सवाल उठने लगे।

### हर मैच में रन बनाने जरूरी नहीं : अय्यर

वेंकटेश ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी 29 गेंदों की धमाकेदार 60 रनों की पारी के बाद कहा, दबाव तो थोड़ा है, आप लोग (मीडिया) बहुत बात करते हो। लेकिन सबसे महंगा खिलाड़ी होने का मतलब ये नहीं कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे। ये इस बारे में है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जिता रहा हूं और क्या प्रभाव डाल रहा हूं। दबाव पैसे या रनों का नहीं है, बल्कि टीम की जीत का है।

### केकेआर समझदारी से आक्रामक खेलती है

इस सीजन में केकेआर के मिडिल ऑर्डर की आलोचना हुई थी क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुऔर मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी धराशायी हो गई थी। लेकिन वेंकटेश ने कहा कि केकेआर बिना सोचे-समझे आक्रामकता में विश्वास नहीं रखती, बल्कि कैल्कुलेटेड एग्रेसशन पर उनका भरोसा है। अय्यर ने कहा, आक्रामकता का मतलब हर गेंद को छक्के मारने से नहीं है। ये सही इरादे और पिच को समझने के बारे में है। हम उस टीम नहीं बनना चाहते जो कभी 250 रन बना ले और कभी 70 रन पर ढेर हो जाए। हम चाहते हैं कि हम पिच को जल्दी समझें और पार स्कोर से 20 रन आगे रहें। ये केकेआर की आक्रामकता है।अब केकेआर की अगली चुनौती चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या वेंकटेश और उनकी टीम इस जीत का मोमेंटम आगे बनाए रख पाते हैं।

### 20 लाख या 20 करोड़,आईपीएल में फर्क नहीं पड़ता

जब पूछा गया कि क्या अब उन पर से दबाव हट गया है, तो वेंकटेश ने कहा: आप ही बताइए? दबाव तब खत्म होगा जब मैं हमेशा कहता हूं-आईपीएल शुरू होने के बाद कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपको 20 लाख मिल रहे हैं या 20 करोड़। मैं टीम का खिलाड़ी हूं और मेरा लक्ष्य टीम की जीत में योगदान देना है। कई बार ऐसी ट्रिकी स्थितियां आती हैं जहां मेरा काम कुछ ओवर खेलकर टीम को स्थिरता देना होता है। अगर मैं ऐसा करके भी रन नहीं बना पाता, तो भी मैंने टीम के लिए काम किया।

# टीम से जुड़ेंगे आकाशदीप, जहीर ने की मेट्रो की सवारी, रोहित के फॉर्म पर बोले ये बोले पोलार्ड

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए बृहस्पतिवार रात लखनऊ सुपरजायंट्स टीम से जुड़े तेज गेंदबाज आकाशदीप अपनी नई फ्रेंचाइजी टीम से खेलने के लिए बेहद उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि वैसे तो चोटिल होने के कारण ज्यादा समय टीम के साथ नहीं बिता पाया, लेकिन जब भी टीम प्रबंधन से मिला, बहुत अच्छा लगा। रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के बाद लखनऊ मेरी दूसरी आईपीएल टीम है। टीम के लिए खेलने को लेकर बेताब है। जहां तक फिटनेस का सवाल है तो अभी मैं सौ फीसदी फिट हूं और मुंबई के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।

### मयंक भी जल्द टीम से जुड़ सकते हैं

आकाशदीप ने कहा कि एनसीए में चोट से रिकवरी का प्रोसेस काफी अलग होता है। मुझे भी नहीं पता था कि दो अप्रैल को लखनऊ टीम से जुड़ने का निर्देश मिल जाएगा। जहां तक मयंक यादव का सवाल है तो बहुत ज्यादा तो मुझे पता नहीं है, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि वह भी जल्द टीम से जुड़ सकता है। हालांकि इसकी कोई समय सीमा नहीं बता पाऊंगा।

### एलएसजी के खिलाड़ियों ने की मेट्रो की सवारी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मेंटर जहीर खान के नेतृत्व में गुरुवार को टीम हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पहुंची। यहां मीट एंड ग्रीट सेशन आयोजित किया गया। खिलाड़ियों ने मेट्रो की सवारी की। स्टेशन देखे और आर्ट वर्क से सजी एलएसजी रेल का फीता काटकर रवाना किया। मेट्रो एमडी सुशील कुमार ने एलएसजी के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने """एलएसजी रेल""" को फीता काट कर रवाना किया। एलएसजी रेल को विशेष रूप से आर्ट वर्क से सजाया गया था।

इसके अतिरिक्त केडी सिंह बाबू स्टेडियम से 15 क्रिकेट प्रशिक्षुओं को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर जहीर खान, युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीत्जके और ऑलराउंडर अब्दुल समद से मिलने का मौका भी मिला। क्रिकेटरों से खूब सवाल भी पूछे। एमडी सुशील कुमार ने बताया कि क्रिकेटप्रेमियों की सुविधा के लिए मेट्रो लगातार तीसरे वर्ष सेवाओं को रात 12:30 बजे तक विस्तारित कर रही है। एलएसजी के कुल सात मैच इकाना स्टेडियम में होंगे। देर रात तक चलने वाले मैचों में क्रिकेटप्रेमियों की आवाजाही के लिए लखनऊ मेट्रो अपनी सेवाओं को बढ़ा रहा है। कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने मेट्रो स्टेशनों की तारीफ की। क्रिकेटरों से हजरतगंज से केडी सिंह मेट्रो स्टेशन तक यात्रा भी की।



### जहीर के निर्देशन में अगले दो माह काफी कुछ सीखने को मिलेगा

लखनऊ टीम के मेंटर के रूप में जहीर खान से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है। वे बहुत बड़े गेंदबाज रहे थे। अगले दो माह मेरे लिए काफी अहम रहेंगे। उनके साथ गेंदबाजी के गुर सीखने को मिलेंगे, जो मेरे कॅरिअर के लिए अहम होंगे। जहीर जैसे बड़े खिलाड़ी के साथ एलएसजी टीम से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।

### रोहित की फॉर्म परेशानी का सबब नहीं : पोलार्ड

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि रोहित शर्मा की फॉर्म को लेकर टीम प्रबंधन बिलकुल भी चिंतित नहीं हैं। वह बहुत बड़ा खिलाड़ी हैं और किसी भी मुकाबले में वापसी कर सकता हैं। आईपीएल के शुरूआती मुकाबलों में मुंबई के खराब प्रदर्शन के बाबत पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। हम शुरूआती मुकाबलों में अपना कंबीनेशन बनाने में कुछ खामी रह जाती है, लेकिन बाद में सब कुछ सही हो जाता है। टीम में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बारे में पोलार्ड ने कहा कि मुंबई ने आईपीएल में कुछ शानदार खिलाड़ी दिए है, जिन्होंने आगे अलग मुकाम हासिल किया। इस बार भी लीग में कुछ खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया है। अगले कुछ मुकाबलों में जीत का लक्ष्य लेकर मुकाबले में उतरेंगे।

### एलएसजी का गेंदबाजी आक्रमण में कोई खामी नहीं

आईपीएल जैसे फॉर्मेट में किसी भी टीम के गेंदबाजी आक्रामण के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। जहां तक एलएसजी का सवाल है तो अभी तक टीम के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरे ख्याल से हमारा गेंदबाजी विभाग 250 के करीब स्कोर भी बचा सकता है। टीम से जुड़ने के बाद कोशिश होगी कि टीम का गेंदबाजी विभाग और बेहतर काम करें।

# शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का प्रयास

## नए पार्कों का विकास और वृक्षारोपण अभियान




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शहर में दिन प्रतिदिन जनसंख्या घनत्व बढने, शहर के मध्य से अंर्तजनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय वाहनों/ट्रेनों के आवागमन से वातावरण दूषित के फलस्वरूप शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश दिये है। इस क्रम में जीडीए ने पर्यावरण सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रति वर्ष वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संचालित किया है।

शहर में अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने के लिये नये पार्कों का विकास और पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढीकरण एवं समुचित रख-रखाव प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं सन्तुलन की दृष्टि से मधुबन-बापूधाम योजना के डी-ब्लॉक में 03 पार्क एवं बी-ब्लॉक में 05 पार्क कुल 08 पार्कों (क्षेत्रफल 25000 वर्ग0 मी0) का उद्यानिक विकास, प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

पार्कों को जन उपयोगी व आकर्षक बनाने के लिये लैण्डस्केपिंग, सिचाई हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम, बच्चों के खेल-कूद हेतु झूले, अल्प विश्राम हेतु गार्डन बैन्च व डस्टबिन की स्थापना की जायेगी। पार्कों में भ्रमण एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु कच्चे पाथ निर्मित किये जा रहें है। सभी पार्कों में फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों जैसे-आम, जामुन, शहतूत, कदम, अमलतास, कचनार, चॉदनी, टिकोमा, गुडहल, फाईक्स बैन्जामिना आदि पौंधो का रोपण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशित किया गया है कि सभी पार्कों, सैन्ट्रलवर्ज, ग्रीनवर्ज आदि पर नियमित रूप से आवश्यकतानुसार वाटरिंग आदि की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित की जाये।

# भाजपा युवा मोर्चा की साहिबाबाद में बाइक रैली आज



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में युवा मोर्चे की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में युवा मोर्चा योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर बाइक रैली निकालेगी, जिसकी रणनीति तय की गई। यह रैली तीनों विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी और योगी सरकार की योजनाओं, कार्यों व उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाया जाएगा । युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने पर युवा मोर्चा की ओर से बाइक रैली महानगर गाजियाबाद के तीनों विधानसभा में निकाली जाएगी। इसके लिए तीनों विधानसभाओं के संयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। 5 अप्रैल को साहिबाबाद विधानसभा में यह रैली निकाली जाएगी। उसके बाद 6 अप्रैल को शहर विधानसभा एवं 7 अप्रैल को मुरादनगर विधानसभा में यह रैलियां निकलेंगी। इस बाइक रैली के माध्यम से योगी सरकार के सफलतम 8 वर्ष की योजनाएं, कार्य व उपलब्धियां का पत्रक भी युवा मोर्चा जगह-जगह वितरित करेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राम त्यागी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों और कर्मचारियों ने सीखे फायर सेफ्टी तरीके

## करीब दो हजार कर्मचारी रहे मौजूद, आग बुझाने और फायर उपकरणों की दी जानकारी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गर्मी बढ़ने के साथ आग की घटनाएं बढ़ रही है। बीते एक सप्ताह में नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आग की दो बड़ी घटनाएं सामने आई। पहली ग्रेटर नोएडा के गर्ल्स हॉस्टल में आग लगी। यहां लड़कियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि दूसरी बड़ी आग नोएडा के सेक्टर-18 कृष्ण अपरा प्लाजा में लगी। यहां 22 लोगों को चोट लगी। तीन गंभीर रूप ये घायल हुए। ऐसे में लोगों को पता होना चाहिए कि आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग सही समय पर कैसे किया जाए। इसी की ट्रेनिंग के लिए शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन नोएडा के सेक्टर-91 पंचशील बालक इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें फायर सेफ्टी ऑफिसर ने आग से बचने, आग लगने के दौरान उपकरणों की जानकारी, धुआं से बाहर कैसे निकले यदि ऊंचाई पर फंसे है उस समय क्या करे और क्या नहीं करे। इसकी पूरी जानकारी ट्रेनिंग के जरिए दी। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी और दो हजार से ज्यादा संविदा कर्मी मौजूद रहे। यहां बतौर आग लगने के दौरान फायर एक्सटिंग्युशर से किस तरह से बुझाया जाए। इसका प्रेक्टिकल कराया गया। एसीईओ संजय खत्री ने आग को बुझाया इस दौरान यदि धुआं भर जाए और सांस लेने में परेशानी होने पर गीले कपड़े का प्रयोग, कमरे में धुआं भरने पर नीचे बैठकर बाहर आने की तरीके भी सिखाएं गए। वहीं बताया गया कि गर्मी में आग की घटनाएं बढ़ रही है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक सामान की मेनटेनेंस कराई जाए। ताकि शॉट सर्किट की संभावना को कम किया जा सका।



# खुले में शराब पीने वाले 3 घंटे के विशेष अभियान में 545 लोग पकड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए तीन घंटे के विशेष अभियान में 545 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया।

इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 241 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें विजयनगर से 70, घंटाघर से 52, नंदग्राम से 46, मधुबन बापूधाम से 32, सिहानी गेट से 25 और कवि नगर से 26 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 141 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। क्रॉसिंग रिपब्लिक से 25, मुरादनगर से 22, लोनी और ट्रॉनिका सिटी से 19-19, मसूरी से 17, भोजपुर से 11, लोनी बॉर्डर से 10, अंकुर विहार से 6, निवाड़ी और वेव सिटी से 5-5, तथा मोदीनगर से 2 लोगों को पकड़ा गया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 163 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 24 कौशांबी से 22 खोड़ा से 21 साहिबाबाद से 25 लिंक रोड से 25 शालीमार गार्डन से 21 और टीला मोड़ से 25 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# भाजपा स्थापना दिवस के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं को झंडे बांटे




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने कार्यालय पर लाजपत नगर मंडल, भोपुरा मंडल, शालीमार गार्डन मंडल, नंदग्राम मंडल, अर्थला मंडल एवं मोहन नगर मंडल के भाजपा कार्यकताओं को भाजपा के झंडे वितरित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया। भाजपा का झंडा हर घर और कार्यालय पर फहराने का आह्वान कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचारधारा, संस्कार और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि 6 अप्रैल को सभी अपने घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों पर भाजपा का झंडा लगाएं और विशेष साज-सज्जा करें, जिससे पूरे क्षेत्र में पार्टी के प्रति उत्साह और गर्व का वातावरण बने। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति-निर्देशों के चलते भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण ही इस संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ स्थापना दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का दिन है। इस अवसर पर सभी पांच मंडलों के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराते हुए संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# नवरात्रि के दिनों में मां का ध्यान करने से मिलती है जीवन में सफलताएं : मनवीर पंवार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** चौधरी मनवीर पंवार पूर्व महामंत्री महानगर भाजपा किसान मोर्चा मनवीर पंवार ने कहा कि नवरात्रि के दिनों में मां का ध्यान करने और मां की पूजा करने से मनुष्य के जीवन में सफलताएं मिलती हैं। नवरात्रि मां के विभिन्न रूपों को निहारने और उत्सव मनाने का त्यौहार है। जैसे कोई शिशु अपनी माँ के गर्भ में 9 महीने रहता है, वैसे ही हमारा स्वयं में, परा प्रकृति में रहकर, ध्यान में मग्न होने का इन 9 दिनों का महत्व है। वहाँ से फिर बाहर निकलते हैं, तो सृजनात्मकता का प्रस्फुरण जीवन में होने लगता है।

# महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी बैठक की आयोजित




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने स्थापना दिवस की तैयारी बैठक में बूथ अध्यक्षों को उनके नाम की नेमप्लेट और झंडे वितरण किए। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसके लिए वार्ड 78 शालीमार गार्डन गुरुकृपा ट्रेवल्स पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 14 बूथ अध्यक्षों को उनके नाम की नेमप्लेट और भारतीय जनता पार्टी का झंडा वितरित किया गया।

बैठक में कहा गया 6 तारीख को अपने घर पर ये नेमप्लेट और झंडा लगाएं और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करें। शुक्रवार को इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष राजेंद्र कोकरिया, सुदामा प्रसाद गौड, पुनीत शर्मा, प्रेम त्यागी, जगदीश प्रसाद, सती सागर अरोड़ा, भूषण लाल टिंगलू, महेश राजपूत, मदन कुमार झा, प्रीति जैन, सोविंदर जैन, आशा पवार, प्रदीप देवली, मोहित भी मौजूद रहे। साथ में डी एन कौल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, हरीश गौड़, सुनील शर्मा, लेखराज छाबड़ी, शैलेंद्र सक्सेना, सौरभ, सुमन सती, निशा चौहान, आशा पवार, अंजू घनशाला, अनीता राणा, प्रियंका सोलंकी, पुष्पा बिंजोला, स्नेहलता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# वैशाली में अस्पताल और स्कूल के पास शराब का ठेका खोलने का विरोध



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर -1 मैक्स अस्पताल के साथ और सन वैली स्कूल मॉडर्न स्कूल फादर एंजल स्कूल और पुलिस मॉडर्न स्कूल के नजदीक रिहायसी एरिया में शराब का ठेका खोलने के विरोध में पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल तथा क्षेत्र की जनता द्वारा विरोध किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसका विरोध किया और कहा की यहां पर कि ठेका किसी भी कीमत नहीं खुलेगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिलकर इस कार्य को रुकवाया जाएगा। आबकारी अधिकारी को भी इस विषय में अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष शर्मा, डॉ राजकुमार, घनश्याम गुप्ता, दिनेश लाखेड़ा, नुकुल गुप्ता, लक्ष्मीकांत, अशोक वर्मा, डॉ नमित वार्ष्णेय, मोहन दास, अर्चना, सपना, लीला, गीता, परवीन, आरुषि, रूपाली, रमा, पार्वती, कुसुम, पूनम रस्तोगी, नीलम, सोनिया, सविता वर्माआदि लोग मौजूद रहे।






# अधिकारियों ने ली राहत वाली सांस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो समय-समय पर वीवीआईपी मूवमेंट होता रहता है, पर कुछ कार्यक्रम अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती वाले होते हैं। बीते दिनों जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में महाराज जी का सबसे लंबा और बड़ा कार्यक्रम चला तो, उसके बाद फिर शनिवार को उनके आयोजन की चर्चा बीते कई दिनों से चल रही थी। हालांकि इस चर्चा में दो दिन पहले ही विराम लग गए थे। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के शीर्ष और अधीनस्थ अधिकारियों ने राहत वाली सांस ले ली थी। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे अब डिप्टी वाले सीएम आ रहे हैं। उनके लिए भी तैयारी करनी है पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अधिकारियों के लिए बेहद खास हो जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो समय-समय पर महाराज जी आते रहते हैं, पर एक के बाद एक कार्यक्रम लगने से पुलिस के अधिकारियों और उनकी सुरक्षा से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में जुटने वाले अधिकारियों की टेंशन थोडी बढ़ जाती है। बता दें की राहत वाली बात यह है कि शनिवार वाले गाजियाबाद के आयोजन में अब महाराज जी नहीं आ रहे हैं, पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में महाराज जी का एक और कार्यक्रम गाजियाबाद वाले कमिश्नरेट में लग सकता है। बताया जा रहा है कि वह कार्यक्रम भी सिटी जोन को ही मिलेगा। देखना होगा कि उस कार्यक्रम में वह कितनी देर रहेंगे और किस स्तर के अधिकारियों को अलर्ट होना पड़ेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले ही शनिवार को महाराज जी नहीं आ रहे हैं, पर डिप्टी सीएम का कार्यक्रम भी कुछ इस प्रकार का है कि पहले तो वह एयरपोर्ट से एक कार्यक्रम में आएंगे। कार्यक्रम के बाद घंटाघर वाले महाकुंभ में पहुंचेंगे। इसके बाद वहां से लौटेंगे, तो फिर अधिकारियों वाली मीटिंग लेंगे और फिर करीब पांच बजे के बाद यहां से प्रस्थान करेंगे। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से बीते दिनों मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बेहद लंबा और बड़ा था, उसी प्रकार डिप्टी सीएम का कार्यक्रम भी लंबा चलने वाला रहेगा। उनकी शहर में लगभग पांच घंटे के आसपास की उपस्थित रहने वाली है, इसलिए डिप्टी सीएम की सिक्योरिटी, प्रोटोकॉल और व्यवस्थाओं में लगने वाले अधिकारियों के लिए तो टेंशन वाला सीन रहेगा, पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम फाइनल ना हो पाने की वजह से कई बड़े अधिकारियों ने राहत अली सांस ले ली है। कुल मिलाकर अधिकारियों को शनिवार को भी अलर्ट रहना होगा, साथ ही जाम को लेकर भी इस बार ज्यादा इंतजाम करना होगा।




# उत्कर्ष के 8 साल बेमिसाल: युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क अभियान कर बांटे पत्रक




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा की टीम ने अंबेडकर रोड, हनुमान मंदिर चौक व बाजार और स्थानीय लोगों से संपर्क के तहत घर-घर अभियान से संपर्क किया गया। संपर्क टॉली ने घर -घर पत्रक लाइट का काम किया। इस अवसर पर संदीप चौधरी, आशीष चौधरी, राम त्यागी, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज बाल्मीकि , नौमिश पांडेय ने स्थानीय लोगों को मोदी, योगी की डबल इंजन सरकार ने जनमत हासिल करने के बाद कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को आधार बनाकर सुशासन की नीति, संगत विकास के पंख लगाने का काम किया है। समृद्ध प्रदेश को भारत का नंबर 1 प्रदेश बनाने के साथ-साथ उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार किया गया है। सभी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लिए घर-घर संपर्क कर आगे की समीक्षा दी, 8 साल के बेमिसाल के पत्र को हर वर्ग हर क्षेत्र में वृहद अभियान चलाकर पूरी ईमानदारी से शामिल करना है। भाजपा सरकार के अपने वोट देने के लिए प्रदेश में अपना विशेष योगदान देना है, लेकिन सरकार के कार्य की चर्चा हमें अन्य सभी जोन तक पहुंचानी है कि देश और प्रदेश सरकार के समग्र विकास में विश्वास और सभी प्रयासों के कार्य सभी लोगों तक पहुंचाना है।

# आरकेजीआईटी में हुआ 'तत्व-25' एवं 'अलाकृति-25' का जोरदार आगाज




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में दो दिवसीय टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-25' का भव्य शुभारंभ हुआ। टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-25' एवं मैनेजमेंट फेस्ट 'अलाकृति-25' की शुरूआत मुख्य अतिथि अक्षत गोयल, वाइस चेयरमैन आरकेजी ग्रुप के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई। मुख्य अतिथि एवं संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने बताया कि संस्थान अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, इसलिए संस्थान इस वर्ष रजत जयंती मना रहा है। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. बी सी शर्मा ने दो दिवसीय तकनीकी उत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। समूह के सलाहकार प्रो. लक्ष्मण प्रसाद और डीन छात्र कल्याण एच. जी. गर्ग ने संकाय और अन्य कॉलेजों से आए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्र गतिविधि परिषद के अध्यक्ष श्री आलोक त्यागी ने प्रतिभागियों को सांस्कृतिक, साहित्यिक, शौक और खेल गतिविधियों, उनके नियमों और निर्णय प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान ने प्रेस-मीडिया से आए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।



इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, नुक्कड़ नाटक, एक्सटेम्पोर, रैंप वॉक, बैंड प्रदर्शन, गायन, स्किट, खेल गतिविधियों में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, टेबल टेनिस, रस्साकशी, बास्केटबॉल और खो-खो खेल, साहित्यिक गतिविधियों में स्क्रीमलेस (अंग्रेजी), अभिव्यक्ति (ओपन माइक), हिंदी कविता, अंग्रेजी कविता, एड मैड शो, वाद-विवाद (हिंदी), नारा लेखन, जैम, समूह चर्चा, केस स्टडी (पीपीटी), विश्व संसद, कोलाज मेकिंग गतिविधियां और शौक गतिविधियों में लैन गेमिंग, रोबो रिले, मेहंदी, 3डी रंगोली, फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, फन जोन, वेब डिजाइनिंग, कोडिंग, सुरम्य, लाइन फॉलोवर शोडाउन, ब्रिज मेकिंग, रोडीज एक्सट्रीम, वॉल पेंटिंग का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। फामेर्सी के स्टूडेंट्स द्वारा मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया जिसमे शुगर लेवल, बी एम आई व ब्लड ग्रुप आदि की जांच की गई। टेक्निकल फेस्ट समारोह के प्रथम दिन डॉ मोनिका सचदेवा (प्रिंसिपल फामेर्सी), डॉ. विभूति (एच ओ डी, एम्बी ए), सभी डीन, विभिन्न विभागों के प्रमुख, सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की खरी-खरी बोले- माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें

**बैंकॉक ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। **लोकतांत्रिक, स्थिर और समावेशी बांग्लादेश को समर्थन** : पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 'पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की।'



### विवादों में रहा है मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल

बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर

**शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई**

अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है। बीते हफ्ते ही चीन के दौरे पर मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था।

जसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आई है। चीन दौरे पर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर दिया था आपत्तिजनक बयान दरअसल मोहम्मद यूनुस ने चीन दौरे पर चीन की सरकार से बांग्लादेश में निवेश बढ़ाने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य चारों तरफ जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंच नहीं है। ऐसे में ये चीन के लिए अवसर हो सकता है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश ही ऐसी ताकत है।

# वर्जिन अटलांटिक के लगभग 250 यात्री तुर्किये में फंसे मुंबई पहुंचाने के लिए रास्ते खोज रही एयरलाइन

**मुंबई ।** लंदन से मुंबई आ रहे वर्जिन अटलांटिक के विमान को तुर्किये के डायरबाकिर हवाई अड्डे पर डायवर्ट किया गया, जिसके बाद 250 से ज्यादा यात्री पिछले 24 घंटे से ज्यादा समय तक वहां फंसे हुए हैं। बता दें कि इन यात्रियों में कुछ भारतीय भी शामिल हैं। वहीं इस मामले में वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन ने गुरुवार को कहा कि वह यात्रियों को जल्द से जल्द मुंबई पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान चलाने पर विचार कर रही है।



### मेडिकल इमरजेंसी के कारण हुआ था डायवर्जन

बता दें कि यह घटना 2 अप्रैल को हुई जब लंदन के हीथ्रो से मुंबई के लिए उड़ान श्र358 को तुर्किये के डायरबाकिर में डायवर्ट किया गया था। एयरलाइन के मुताबिक, यह डायवर्जन एक मेडिकल इमरजेंसी के कारण हुआ था। विमान के वहां उतरने के बाद, अ350-1000 विमान में तकनीकी समस्या आ गई, जिस पर काम किया जा रहा है।

### फंसे हुए यात्रियों की प्रतिक्रिया

साथ ही इस मामले में फंसे हुए यात्रियों ने बताया कि उन्हें हवाई अड्डे पर फर्श पर सोने के लिए मजबूर किया गया और उन्हें कंबल भी नहीं दिए गए। एक यात्री ने बताया कि शाकाहारी भोजन भी उपलब्ध नहीं था। हालांकि, वर्जिन अटलांटिक ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को तुर्किये में रातभर होटल में ठहरने और जलपान की सुविधा दी जा रही है।

**सोशल मीडिया पर यात्रियों ने साझा की परेशानी** : इसके साथ ही कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानी साझा की। एक यात्री ने बताया कि 300 से ज्यादा भारतीय और ब्रिटिश नागरिक भयानक स्थिति में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ एक शौचालय था और उन्हें 15 घंटे से ज्यादा समय तक एक छोटे से स्थान में रखा गया।

# भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद को आगे आए क्वाड देश, दो करोड़ अमेरिकी डॉलर की देंगे सहायता

**वॉशिंगटन ।** भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए अब क्वाड देश भी आगे आए हैं। क्वाड में शामिल भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने म्यांमार को दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (20 मिलियन) से अधिक की मानवीय सहायता देने का एलान किया है। क्वाड देश लगातार भूकंप से प्रभावित लोगों के लिए म्यांमार को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा दल की तैनाती कर रहे हैं।

क्वाड देशों ने एक संयुक्त बयान में भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड के लोगों के प्रति सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। बयान में कहा गया कि म्यांमार में पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति में जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे के व्यापक विनाश ने इसे और खराब कर दिया है।



क्वाड का प्रयास है कि हमारी प्रतिक्रिया से कुशलता से सहायता पहुंचाई जाए और प्रभावित समुदायों की जरूरतों को पूरा करे। क्वाड की मानवीय सहायता और आपदा राहत भागीदारी ने एक समन्वय समूह स्थापित किया है जो आपदा प्रबंधन पर मानवीय सहायता के लिए आसियान समन्वय केंद्र सहित अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

क्वाड राष्ट्रों ने अस्थायी, आंशिक युद्धविराम का स्वागत किया। उन्होंने सभी पक्षों से उपाय लागू करने, विस्तारित करने और व्यापक बनाने का आह्वान किया। ताकि पूरे म्यांमार में जीवन रक्षक मानवीय सहायता के समय पर वितरण की सुविधा के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। बयान में कहा गया है कि क्वाड सहयोग की उत्पत्ति 2004 के हिंद महासागर भूकंप और सुनामी के बाद हुई है। तब हमने इंडो-पैसिफिक में जरूरत के समय में व्यावहारिक और प्रभावी मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। राष्ट्रों ने एक साथ काम करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

ये भी पढ़ें: वर्जिन अटलांटिक के लगभग 250 यात्री तुर्किये में फंसे, मुंबई पहुंचाने के लिए रास्ते खोज रही एयरलाइन अब तक तीन हजार लोगों की मौत बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।

# कैनसस में भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के कैनसस में एक भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैनसस के सेनेका शहर में यह घटना घटी। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। कैनसस सिटी के




आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की दुखद मौत की खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है, उनकी आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। फादर कैरासाला को 2011 में मिली थी।

# अमेरिका के मध्य-पश्चिम व दक्षिण में तूफान, बवंडर से छतें उड़ीं, छह की मौत

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिमी क्षेत्र में भीषण तूफान-बवंडर आए हैं। बवंडर में छह लोगों की मौत हो गई और बिजली के तार व पेड़ गिर गए। इसके अलावा कई घरों की छतों के उड़ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में दर्जनों बवंडर और भयंकर तूफान आए। पूवार्नुमान लगाने वालों ने बताया कि गर्मी के साथ अस्थिर वातावरण, तेज हवा के झोंके मौसम बिगाड़ेंगे।



दक्षिण-पूर्व मिसौरी में एक मौत हुई, जबकि इंडियानापोलिस के एक उपनगर में एक गोदाम का हिस्सा ढह गया, जिससे एक व्यक्ति अंदर फंस गया। उत्तर-पूर्व अर्कांसस में एक दुर्लभ बवंडर आपातकाल जारी किया गया, क्योंकि मलबा हवा में हजारों फीट ऊपर उड़ गया। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में घातक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है।

अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश की आशंका है। 7.6 किमी ऊंचाई तक मलबा मौसम सेवा की एक मौसम विज्ञानी चेली अमीन ने कहा, बुधवार शाम को अर्कांसस के बेलीथविले के आसपास बवंडर आया, जिसमें कम से कम 25,000 फीट (7.6 किलोमीटर) की ऊंचाई तक मलबा फैल गया। बृहस्पतिवार सुबह सूर्योदय के समय कई क्षेत्रों में बहुत भयानक हालात देखने को मिले। कई जगह हालात गंभीर हैं। लाखों घरों में अंधकार मध्य अमेरिका में मिसौरी क्षेत्र में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# बिम्सटेक सम्मेलन में भारत का दबदबा कायम, पीएम मोदी ने सदस्य देशों को दिया यूपीआई से जुड़ने का प्रस्ताव

**बैकॉक ।** इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करने, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने और क्षेत्र में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की संभावनाएं तलाशने का भी प्रस्ताव रखा।

संबोधन की शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले 28 मार्च को म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। ताकि आपदा तैयारी, राहत और पुनर्वास पर सहयोग किया जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिम्सटेक दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने वाले पुल का कार्य करता है। यह क्षेत्रीय संपर्क, सहयोग और समृद्धि के नए रास्ते खोलने के लिए प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है। पीएम मोदी ने बिम्सटेक समूह के दायरे और क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गृह मंत्रियों के तंत्र को संस्थागत बनाने की पहल की सराहना की। साथ ही भारत में पहली बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।




**बिम्सटेक देशों में भारत का दबदबा बरकरार है। थाईलैंड में हो रहे छठवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने सदस्य देशों को यूपीआई से जुड़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में व्यापार, कारोबार और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है**

ये भी पढ़ें: थाईलैंड में म्यांमार के जनरल से पीएम मोदी की मुलाकात, भूकंप से उबरने में हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि यह मंच साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंकवाद और नशीली दवाओं और मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# रक्षा मंत्री हेगसेथ की बढ़ सकती है मुश्किल, सिग्नल एप पर यमन हमले की जांच करेगा पेंटागन

**वॉशिंगटन ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ अधिकारियों की मुश्किलें थोड़ी बढ़ती हुई नजर आ रही है। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के कार्यवाहक महानिरीक्षक (आईजी) स्टीवन स्टेबिन्स ने यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाइयों पर चर्चा करने के लिए सिग्नल ऐप के उपयोग को लेकर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ जांच शुरू करने का निर्णय लिया है। बता दें कि यह जांच सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष और रैंकिंग सदस्य के अनुरोध पर की जा रही है।



**स्टीवन स्टेबिन्स ने रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर किया सूचित :** स्टीवन स्टेबिन्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र सूचित किया गया है कि यमन में सैन्य कार्रवाइयों पर चर्चा के लिए एक गैर-गोपनीय वाणिज्यिक संदेश एप्लिकेशन (जैसे सिग्नल) के उपयोग के मामले की जांच शुरू की जा रही है। स्टेबिन्स ने बताया कि यह मूल्यांकन हाल ही में हुई रिपोर्टों के बाद शुरू किया गया है, जिसमें बताया गया था कि हेगसेथ ने मार्च 2025 में यमन में सैन्य कार्रवाइयों के बारे में चर्चा करने के लिए गैर-गोपनीय वाणिज्यिक मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग किया था। **किस कारण से हो रहा है जांच, समझिए :** साथ ही पत्र में यह भी बताया गया है कि इस जांच का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि रक्षा मंत्री और अन्य पेंटागन कर्मचारी वाणिज्यिक मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग सरकारी नीति और प्रक्रियाओं के अनुरूप कर रहे हैं या नहीं। इसके अलावा, जांच यह भी करेगी कि क्या गोपनीयता और रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं का सही तरीके से पालन किया गया।

# कनाडा का पलटवार, अमेरिकी वाहनों पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

**नई दिल्ली ।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गैर-अमेरिकी वाहनों पर टैरिफ लगाने की हालिया घोषणा के जवाब में, कनाडा ने भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है। कनाडा ने अमेरिका में निर्मित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस नए फैसले की घोषणा की, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस टैरिफ से मिलने वाला राजस्व कनाडा के ऑटोमोबाइल उद्योग और वहाँ के कामगारों के समर्थन में लगाया जाएगा।

**टैरिफ लागू होने से पहले स्टेलेंटिस प्लांट का अस्थायी बंद** :ट्रंप के टैरिफ लागू होने से कुछ घंटे पहले ही स्टेलेंटिस, जो कि विंडसर, ओंटारियो में एक विनिर्माण इकाई संचालित करता है, ने अपने प्लांट को दो सप्ताह के लिए बंद करने की घोषणा की। यह फैक्ट्री मिनीवैन और मसल कारों का उत्पादन करती है, जिससे






यह स्पष्ट होता है कि इस व्यापारिक नीतियों का ऑटोमोबाइल उद्योग पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

कनाडा का 25% टैरिफ किन चीजों पर लागू होगा कनाडा द्वारा लगाया गया यह नया टैरिफ पूरी तरह से तैयार वाहनों पर लागू होगा, जो अमेरिका से आयात किए जाते हैं। ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स कनाडा के व्यापार मूल्य का एक बड़ा हिस्सा हैं, खासकर तेल और गैस के बाद। अमेरिका से वाहनों का सबसे बड़ा आयातक होने के नाते, इस टैरिफ का असर कनाडा की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि कनाडाई ऑटो कंपनियां अपने 90 प्रतिशत से अधिक उत्पाद अमेरिका को निर्यात करती हैं।

हालांकि, कनाडा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह टैरिफ ऑटो पार्ट्स पर लागू नहीं होगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ के उलट, हमारा टैरिफ ऑटो पार्ट्स को प्रभावित नहीं करेगा, क्योंकि हम अपनी सप्लाई चेन की अहमियत समझते हैं। इसके अतिरिक्त, कनाडा ऑटोमोबाइल निमार्ताओं के लिए एक समर्थन ढांचा विकसित करेगा, जो उत्पादन और निवेश को बढ़ावा देगा।₹

### कनाडा में निर्मित कारों को मिलेगी छूट

कनाडा में कार्यरत कुछ प्रमुख ऑटोमोबाइल निमार्ता, जैसे कि स्टेलेंटिस, फोर्ड, जनरल मोटर्स, होंडा और टोयोटा, बिना टैरिफ चुकाए अमेरिकी निर्मित वाहनों को आयात कर सकेंगे।

# एआई क्षेत्र में भी बढ़ रही भारत की ताकत, यूएन की रिपोर्ट में दावा- निवेश के मामले में देश का 10वां स्थान

**संयुक्त राष्ट्र ।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भारत की ताकत लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2023 में एआई में निजी तौर पर निवेश करने के मामले में भारत का 10वां स्थान है। वहीं भारत और चीन एकमात्र ऐसे विकासशील देश हैं, जिन्होंने एआई में निवेश किया है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2024 में फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के लिए तत्परता सूचकांक में शामिल 170 देशों में भारत 36वें स्थान पर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत, भूटान, मोरक्को, मोल्दोवा और तिमोर लेस्ते ने स्कूली शिक्षा और कार्यशील आबादी में उच्च-कौशल रोजगार के बढ़ते प्रभाव के चलते मानव पूंजी में अपनी स्थिति में सुधार किया है।

रिपोर्ट के अनुसार एआई क्षेत्र में चीन, जर्मनी, भारत, यूनाइटेड किंगडम




और संयुक्त राज्य अमेरिका वैज्ञानिक ताकत दिखाते हैं। अकमें निजी निवेश के मामले में 2023 में 67 अरब अमेरिकी डॉलर या निजी निवेश का 70 प्रतिशत के साथ अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है। जबकि विकासशील देश चीन 7.8 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे और 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ भारत 10वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2033 तक एआई का बाजार मूल्य में 4.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एआई दुनिया भर में 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। इससे उत्पादकता में तो वृद्धि होगी, लेकिन ऑटामेशन और नौकरी के बारे में चिंताएं भी बढ़ेंगी।

रिपोर्ट के अनुसार एआई यह नए उद्योग भी बना सकता है और श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। एआई से रोजगार के अवसरों को खत्म करने के बजाय उन्हें बढ़ाने, रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और कार्यबल अनुकूलन में निवेश करने की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस विकासशील देश हैं जो तकनीकी तत्परता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि उच्च प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वाले देश अग्रणी तकनीक के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं।

**फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज रेडीनेस इंडेक्स में विकसित देश आगे :** संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) के फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज रेडीनेस इंडेक्स में विकसित देश आगे हैं। वहीं विकासशील देशो में यहां सिंगापुर, चीन और भारत का प्रमुख स्थान है। क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के मामले में शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक सेवाएं हैं।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया इंडियन ऑयल प्लाजा डासना का उद्घाटन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा के पेट्रोल पम्प इंडियन ऑयल प्लाजा डासना का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, एमएलसी अश्वनी त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना, भाजपा नेता राजा वर्मा, वीरेन्द्र त्यागी पार्षद, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, प्रदीप त्यागी, केडी त्यागी, एसपी सिंह, बॉबी त्यागी और अमित त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मेंबर सौलंकी जी की खामोशी की चचाएं हो रही हैं इस वक्त आम? कहने वाले कह रहे हैं जब क्षेत्र की जनता ठेका बंद कराने को लेकर इतना संघर्ष कर रही है, तो फिर वो क्यों नहीं दे रहे हैं कोई पैगाम? हम देख रहे हैं दूसरे वार्ड के पार्षद इस मामले में दे रहे हैं जनता का साथ? फिर समझ नहीं आ रहा है कि आखिर क्यों खामोश है सौलंकी साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की पुरानी टीम इस वक्त पूरी डटी हुई नजर आ रही है भगवा योद्धा गोयल साहब के साथ? मगर हम देख रहे हैं कि यहां पर भगवा पहलवान लगातार करा रहे हैं दूरियों का एहसास? उनकी इस अदा से हो रही है एक बात स्पष्ट? उन्होंने अपने साथियों पर नहीं लगाई है कोई पाबंदी? कह दिया है सबको कि आप अपनी राजनीति की जमीन तैयार करने के लिये स्वतंत्र हो? हम नहीं मारना चाहते हैं किसी का भी हक?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाले पार्षद सतेंद्र भैया को अपने वार्ड के गेट पर लगाना चाहिए नजर से बचाने वाला यंत्र? सुना है उनके वार्ड में हो रहे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को लेकर कई मेंबर के दिल में हो रही है जलन? कहने वाले ने कहा हम बैठे थे कुछ मेंबर्स के साथ? वो चर्चा कर रहे थे हम लाखों के काम नहीं करा पा रहे? ना जाने कौन सी हो रही है चौधरी साहब पर कृपा? लग रहा है इस कृपा के पीछे है कोई और भी चौधरी साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार हमें पूरे गौरव से मजबूत लग रहा है भगवा चौपड़ा का गेम? इस बार वो किसी ना किसी मजबूत पद पर कर ही लेंगे क्लेम? कहने वाले ने कहा अगर संगठन में हम डाले पंजाबी फैक्टर पर नजर, तब हमें यही चेहरा एलिजिबल नजर आता है यार? लग रहा है हो जाएगी इस बार इस चेहरे की बल्ले-बल्ले? देखना अब ये है किस पद के खुलते हैं इस चेहरे के लिये द्वार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ तो चल रही है मैन टीम में आने की मजबूरी? हम देख रहे हैं बहुत ही सोच समझकर गुर्जर चेहरे ने बना ली है अपने प्रिय त्यागी चेहरे से दूरी? जब हमने इस दूरी को बनाने के टटोले हालात, तब पता चला कि उनके प्रिय त्यागी जी आजकल चल रहे हैं यादव जी के साथ? इसलिए गुर्जर चेहरे ने किया हुआ है दूरियों का इकरार? उन्हें पता है अगर फिलहाल वो इन दोनों के नजदीक आ गए तो फिर सारी मेहनत हो जाएगी बेकार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने सोचा था भगवा योद्धा के अध्यक्ष वाली कमान संभालने के बाद मुरादनगर के कैड़े वाले त्यागी भैया के बदलेंगे हालात? वो गोयल साहब की टीम में आने का करेंगे पूरा प्रयास? लेकिन यहां तो उनकी एक्टिविटी दिखाई ही नहीं दे रही है, गोयल साहब के साथ? कहने वाले ने कहा शायद उन्हें हो गया है इस बात का आभास? कह दिया तो हुआ वालों की ही चलनी है बात? इसलिए उन्होंने बंद कर दिये हैं सिस्टम में आने के प्रयास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिले वाले अध्यक्ष जी नोटिस जारी करके दे रहे हैं जानकारी? क्रांतिकारी वालों के खिलाफ बोलने वाले कसाना जी के पास नहीं है सक्रिय सदस्य वाली जिम्मेदारी? हमने देखा अपने प्रचार में कसाना जी खुद को लिखते हैं वरिष्ठ भाजपा नेता? कहने वाले ने कहा इससे बड़ा क्या हो सकता है मजबूत भाजपाई होने का सुबूत? जब उनके नाम के आगे लगी वरिष्ठता कर रही है इस बात को प्रूफ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने आजकल डाला हुआ लखनऊ में डेरा? हमने देखा उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन मंत्री से कर ली थी मुलाकात, जब हुआ था सवेरा? कहने वाले ने कहा विभू भैया की इन मुलाकातों ने कर दिया है चचाओं का बाजार गर्म? कुछ तो बड़ा वो सोच रहे हैं? कहीं कोई आसपास का एरिया तो नहीं खोज रहे हैं?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो चेहरें कभी थे ताकतवर गोयल साहब के खास? हम देख रहे हैं आजकल वो नजर नहीं आ रहे हैं साहब? भाजपा की सक्रिय राजनीति में नहीं हो रहे हैं इस वक्त निशांत गुप्ता और गौरव गर्ग के दीदार? कहने वाले ने कहा फिलहाल ये दोनों मजबूती से संभाल रहे हैं अपना व्यापार? इसलिये राजनीति में नहीं दिख रहा इनका इंट्रेस्ट? शायद सिस्टम में ऐसे चेहरे आ रहे हैं, जिनपर ये दोनों नहीं कर पा रहे हैं ट्रस्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ में सुनाई दे रहा है इस वक्त मंदिर की छत बेचने वाला शोर? कहने वाले ने कहा- अब ये बात कितनी सच है, या कितनी झूठ , इस बात को लेकर नहीं हैं हम श्योर? कहने वाले ने कहा- मेंबर के एरिये के आसपास के लोग ही दे रहे हैं पूरी ताकत से इस बात को तूल? कहने वाले ने कहा अगर बात सच्ची है तो फिर निकलेंगे कई जगह से शब्दों के शूल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में उतरा जिला मेरठ का गुर्जर समाज

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय गुर्जर महासभा (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में मेरठ जिलाधिकारी डा वी के सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।





ज्ञापन में 20 मार्च 2025 को लोनी में निकाली गई धार्मिक कलश यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और रामचरितमानस के अपमान की कड़ी निंदा की गई। विशेष रूप से, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एवं महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की माँग की गई। गुर्जर समाज और राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने इस घटना को धार्मिक भावनाओं पर प्रहार बताते हुए न्याय की माँग की है। जब तक दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक समाज द्वारा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध जारी रहेगा। गुर्जर समाज अपने धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासन से उम्मीद करता है कि वह इस मामले में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करेगा। इस अवसर पर पिंकल गुर्जर एडवोकेट, पवन गुर्जर(प्रदेश अध्यक्ष बीकेयू),धर्मवीर पार्षद,विनोद भडाना चेयरमैन, अमित गुर्जर, प्रवीन प्रधान, सुमित घाट ,पवन सिंह, जोगिंदर सिंह, अन्य लोग मौजूद रहे।

# भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल को भारत विभूति सम्मान- 2025

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल को भारत विभूति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अमरेन्द्र फाउंडेशन द्वारा 3 अप्रैल 2025 को कंस्टीटूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। श्री सुकुल को यह सम्मान शिक्षा, दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण और नशामुक्ति के प्रति उनके प्रयासों और समाज के उत्थान में उनके अन्य योगदान के लिए दिया गया। अमिताभ सुकुल को मंच पर शॉल पहनाकर और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, सांसद पी.टी. उषा, सांसद नरेश बंसल, सांसद विजय बघेल, राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य ममता कुमारी, हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस श्री वीरेंद्र वर्मा सहित अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद यही। सम्मान समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में अमिताभ सुकुल ने कहा कि समाज सेवा की राह उन्हें उनके बाबा भागीरथी सुकुल ने दिखाई थी



और उन्हीं के नाम पर 49 साल पहले भागीरथ सेवा संस्थान की स्थापना हुई। तब से संस्थान अनवरत अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समाज सेवा में रत है। संस्थान दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल स्कूल और डे केयर सेंटर, नशा मुक्ति केंद्र, वृद्धाश्रम और कौशल विकास केंद्र का संचालन कर रहा है। संस्थान लॉ कॉलेज और पब्लिक स्कूल का भी संचालन कर रहा है जहां अफॉर्डेबल फीस में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। संस्थान महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के आयोजक नवेश कुमार ने बताया कि भागीरथ सेवा संस्थान का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संस्थान ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए समाज के वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया। दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनकी आत्मनिर्भरता एवं समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। संस्थान द्वारा समाज में नशे की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पुनर्वास और सुधार कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sanjay Tyagi is in Ghaziabad.
5h ·

वार्ड 11 की यशस्वी पार्षद हमारी धर्मपत्नी श्रीमती छाया संजय त्यागी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई ईश्वर से प्रार्थना आप सदैव स्वस्थ और खुश रहें



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता संजय त्यागी ने अपनी पत्नी और वार्ड-11 से भाजपा पार्षद छाया त्यागी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। संजय त्यागी ने अपनी पत्नी छाया त्यागी को यशस्वी पार्षद बताया और ये कामना की कि वे हमेशा स्वस्थ और खुश रहें। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।